हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार 12 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 28.6 डिग्री
न्यूनतम 09.5 डिग्री

1.1 शिक्षक फेडरेशन का नए सिरे से गठन


1.1 नई शिक्षा नीति के तहत कौशल, मिला व्यावहारिक प्रशिक्षण




## खबर संक्षेप

### चाकू लहराते हुए युवक गिरफ्तार, भेजा जेल



**भिलाई।** पुलिस ने चाकू लहराते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि राहुल यादव नामक युवक मोहल्ले में गाली गलौच कर रहा था। जब एक युवक ने उसका विरोध किया तो राहुल ने अपने पास रखे धारदार चाकू को निकाला और लहराते हुए उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस मौके पर पहुंची तो गौतम नगर निवासी राहुल यादव भाग गया। बाद में उसे गिरफ्तार किया गया। उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### मकान से जेवरात और नकदी पार, अपराध दर्ज

**भिलाई।** मकान से सोना चांदी के जेवरात व नगदी पार करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि ईडब्लूएस 692 वैशालीनगर निवासी संजय पाण्डेय के मकान से अज्ञात ने आलमारी में रखे गए सोना चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गया है। आलमारी को चेक करने पर जेवरात गायब मिला। आसपास खोजबीन करने पर सारा सामान नहीं मिला। चोरी हुए सामानों की कीमत 80 हजार रुपए आंकी गई है।पुलिस आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाला जा रहा है। फिलहाल चोरी करने वाले की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

### अवैध शराब के साथ वृद्ध गिरफ्तार, भेजा जेल

**भिलाई।** अवैध रूप से शराब बेचने वाले वृद्ध को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने 49 पौवा शराब जब्त किया गया। जिसकी कीमत 4900 रुपये आंकी गई है। शराब बेचने की नगदी रकम 3 हजार रुपए, बाइक 28 हजार रुपए की जब्त की गई है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर सूचना मिली थी कि ग्राम गोता निवासी खेलू प्रसाद मारकंडेय अवैध रूप से शराब रखता है और अपनी बाइक सीजी-07 बीवी 0793 में रखकर उसे हरदी तालाब के पास ग्राम गोला माटरा ले जाता है और बेचता है। पुलिस टीम ने दबिश देकर खेलू को नंदिनी नगर के पास पकड़ा। बाइक की तलाशी लेने पर उसके अंदर से सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में देशी मसाला शराब 49 नग पौव्वा, 8.820 बल्क लीटर और 3 हजार रुपए नगद जब्त किया गया। शराब की कीमत 4,900 रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# प्रदेश में सबसे अधिक गर्म रहा दुर्ग, न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

रविवार को ट्विनसिटी का न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी देखी गई। दुर्ग जिला प्रदेश में सबसे गर्म जिला रहा।

न्यूनतम तापमान की बात की जाए तो शनिवार को 8.2 डिग्री सेल्सियस से बढ़कर रविवार को 9.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। यह सामान्य से 4 डिग्री सेल्सियस कम रहा। जिले का अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम के इस उतार-चढ़ाव की वजह से सीजनल बीमारी से लोग पीड़ित हो रहे हैं।

**आए दिन हो रहे मौसम के उतार-चढ़ाव से लोग परेशान, बढ़ रहा मौसमी बीमारियों का खतरा**

### चार दिनों तक ऐसा ही रहेगा मौसम

मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले चार दिनों तक यानी बुधवार तक न्यूनतम तापमान और अधिकतम तापमान में कोई खास परिवर्तन होने की स्थिति नहीं है। रात में ही न्यूनतम तापमान में और कमी आएगी। इससे दिन की अपेक्षा रात में ज्यादा में ठंड और बढेगी। रविवार की अलसुबह बदली की स्थिति रही। सूयदेव के दर्शन कई क्षेत्रों में देरी से हुआ। सर्द हवाएं भी इस दौरान चल रही थी। जिसकी वजह से सुबह ठंड का एहसास लोगों को अच्छा खासा हुआ।



### सर्दी, खांसी और बुखार के मरीज बढ़े

मौसम में अचानक हो रहे बदलाव से ज्यादातर लोग सर्दी, खांसी और बुखार से पीड़ित होने लगे हैं। जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल सुपेला, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में इस बीमारी से ग्रसित होकर लोग इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। गली-मोहल्लों के निजी क्लीनिकों में भी सीजनल बीमारी के लोग इलाज करवाने के लिए आ रहे हैं। डॉक्टरों के मुताबिक मौसम में रोजाना हो रहे बदलाव की वजह से लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ने लगा है। ये बीमारी हर घर के किसी न किसी सदस्य को घेर रही है। इसलिए उन्हे इस मौसम में सतर्क रहने की जरूरत है। खासकर छोटे बच्चों और बुजुर्गों को इस सीजन में बचाकर रखें।

## जिले में कुल 371857 मीट्रिक टन धान की हुई अब तक खरीदी

# धान बेचने के लिए 15 दिन शेष, 45300 किसानों का 244634 मीट्रिक टन धान खरीदी बाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

धान बेचने के लिए महज 15 दिन ही शेष बचे हैं। जारी गाइडलाइन के मुताबिक 31 जनवरी तक ही धान खरीदी होनी है। इसमें से 6 दिन शनिवार रविवार की वजह से खरीदी बंद रहेगी। दुर्ग जिले में धान खरीदी काफी धीमी गति से की जा रही है। अभी भी 45300 किसानों का 244634 मीट्रिक टन धान खरीदी होना बाकी है। जल्द धान बिके इसके लिए किसान टोकन लेने की मशक्कत कर रहे हैं।




### दुर्ग जिले में 113478 किसानों को बेचना है धान

दुर्ग जिले में 87 सहकारी समितियों के माध्यम से 102 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की जा रही है। अब तक 371857 मेट्रिक टन धान की ही खरीदी हुई है।113478 किसानों ने धान बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया है। इनमें से अब तक 68163 किसानों ने धान बेचा है। जो पंजीकृत कुल किसानों का 60.8 प्रतिशत ही है। यानी करीब 40 प्रतिशत किसान अभी अपनी उपज नहीं बेच पाए हैं। जिन्हे 15 दिन में खरीदी करना होगा। 45305 किसानों का इस बचे हुए अवधि में धान खरीदी करना होगा।

### 77 धान खरीदी केंद्र में बफर लिमिट पार

जिले में 102 उपार्जन केंद्रों में किसानों से धान खरीदी हो रही है। हाल यह है कि उठाव देरी से शुरू होने का नतीजा यह है कि 77 धान उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से ज्यादा का स्टॉक जमा हो गया है। विभागीय जानकारी के हिसाब से अब तक 2445284 मीट्रिक टन धान उपार्जन केंद्रों में स्टॉक है। अब तक 34.26 प्रतिशत धान का उठाव हो पाया है। विपणन संघ के मुताबिक उठाव हेतु 1,94,036.72 मे. टन धान का डीओ जारी हुआ है। अब तक उपार्जन केन्द्रों से 1,27,223.58 मे. टन धान का उठाव किया जा चुका है।

### 37983 किसानों ने किया रकबा समर्पण

सरकार की इस पारदर्शी व्यवस्था में किसान भी सहभागी बनते हुए धान बेचने के पश्चात रकबा समर्पण करने आगे आ रहे हैं। जिससे बिचौलियों को अपनी धान खपाने का अवसर नहीं मिला है। जिले में अब तक धान बेच चुके 37983 कृषकों ने 926.87 हेक्टेयर रकबा समर्पण कर चुके हैं। उपार्जन केन्द्रों में धान बेचने के लिए पहुंचने वाले किसानों हेतु जिला प्रशासन द्वारा समुचित प्रबंध किया गया है। वर्तमान में उपार्जन केन्द्रों में बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था है। इसके तहत केन्द्रों में 28,38,803 बारदाने उपलब्ध करवाई गई है।

### इन उपार्जन केंद्रों में सबसे ज्यादा धान जाम

**केस 1**
डीडाभाठा धान उपार्जन केंद्र में अब तक 67429 क्विंटल धान खरीदी की गई है। यहां केवल 28.47 प्रतिशत धान का उठाव हो पाया है। जिसकी वजह से 48229 क्विंटल धान अब भी उपार्जन केंद्र में जाम पड़ा हुआ है।

**केस 2**
डोड़की धान उपार्जन केंद्र में अब तक 57750 क्विंटल धान खरीदी की गई है। इस केंद्र में अब तक महज 20.40 प्रतिशत धान का उठाव ही हुआ है। जिसकी वजह से इस केंद्र में 45971 क्विंटल धान अब भी जाम है।

**केस 3**
रौंदा धान उपार्जन केंद्र में अब तक 50482 क्विंटल धान खरीदी की गई है। इस केंद्र में अब तक 9.59 प्रतिशत धान का ही उठाव किया जा सका है। जिसकी वजह से इस केंद्र में अब भी 45642 क्विंटल धान जाम की स्थिति में है।

**केस 4**
केसरा धान उपार्जन केंद्र में अब तक 54116 क्विंटल धान खरीदी की गई है। इस केंद्र में अब तक 16.61 प्रतिशत ही धान का उठाव किया जा सका है। जिसकी वजह से इस उपार्जन केंद्र में 45126 क्विंटल धान जाम है।

### ऐप की वजह से कोई दिक्कत नहीं

राज्य सरकार की निर्णायक कदम से धान विक्रय की प्रक्रिया सरल हुई है। जिसके तहत अब दिन-रात कभी भी मोबाईल एप तुंहर टोकन के माध्यम से किसानों को धान बेचने के लिए टोकन मिलने लगा है। नियत समय में धान खरीदी पूरी कर ली जाएगी।
**-अनुराग सिंह भदौरिया,** जिला खाद्य अधिकारी

**श्रमिक की हादसे में हुई थी मौत**

# बीईसी कंपनी के मालिक और प्रबंधक के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



■ जांच व गवाह के बयानों के बाद अपराध कायम

बीईसी कंपनी में काम करने वाले ठेका श्रमिक उदित मांझी की काम के दौरान हादसे में मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने कंपनी के मालिक व प्रबंधक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि मिनीमाता नगर खुर्सीपार निवासी उदित हथखोज स्थित बीईसी में ठेका श्रमिक के रूप में काम करता था। 9 जनवरी को उदित मटेरियल शिफ्टिंग करवा रहा था। इसी दौरान हाईड्रा सीजी 07 एनए 3713 के चालक गुलाब की लापरवाही से उदित हादसे का शिकार हो गया। पुलिस ने जांच में पाया कि फैक्ट्री मालिक गीतिका जैन, प्रबंधक विकास त्रिपाठी ने यदि उसे सुरक्षा उपकरण दिया होता तो उसकी हादसे में मौत नहीं होती। पुलिस जांच में तीनों की लापरवाही सामने आई। फैक्ट्री में सुरक्षा उपाय न देने से उदित मांझी के पैर व शरीर के विभिन्न हिस्सों में घटना के समय गंभीर चोटें आईं, जिससे उदित की मौत हुई। जांच के दौरान पुलिस ने जाकिम मांझी, मो. सय्यूम, कमलेश कुमार, नीरज पाल, जीतेन्द्र सिंह का बयान लिया और उदित मांझी के शव का पंचनामा कार्रवाई किया था।

# पार्षद को जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

■ सोमनी भिलाई तीन का मामला गाली गलौज कर दिया धमकी

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा पार्षद के साथ गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम सोमनी निवासी तुशांत वर्मा वार्ड 38 का पार्षद है। उसके मकान से लगे खेत में मवेशियों से सुरक्षा के लिए तार घेरा किया गया है। 8 जनवरी को वार्ड के एक युवक ने खेत में लगे लकड़ी खंभों को उखाड़ा और अपने साथ ले जाने लगा, इस पर पार्षद ने उसे मना किया। इसके बाद 10 जनवरी की रात घर में खाना खाते समय संदीप लहरे, तेज प्रकाश लहरे आए और उससे विवाद कर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने पार्षद को जान से मारने की धमकी दी। वार्ड वासी अखिलेश पटेल, रमेश वर्मा, रवि वर्मा समेत अन्य लोग शोर सुनकर वहां पहुंचे और विवाद को शांत कराया।

# दुकान के गल्ले से कैश पार करने वाले तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



■ दुकान से 2 लाख 25 हजार रुपए की चोरी, नेवई थाना क्षेत्र की है घटना

दुकान के गल्ले से कैश पार करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से एक बाइक जब्त की गई है।

एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि प्लाट नंबर 3 फेस 6 मैत्री नगर निवासी उमाकांत यादव की दुकान के कैश काउंटर का लाकर तोड़कर अज्ञात ने 500 रुपए का 4 बंडल करीबन 2 लाख रुपये और दूसरे लाकर से 25 हजार रुपए सहित कुल सवा दो लाख रुपए चोरी किया था। नेवई पुलिस ने मामले में तीन संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया। ग्राम धनौरा थाना पदमनाभपुर निवासी तेजेश्वर जांगड़े उर्फ चिंटू, राकेश यादव उर्फ पाकू, गोपी किशन ने पूछताछ में चोरी करना स्वीकार किया। उन्हें गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है।

# मकान का ताला तोड़कर 3.50 लाख के जेवरात पार

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने आलमारी से सोना चांदी के जेवरात और नगदी रकम पार कर दिया। शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच जारी है। छावनी पुलिस ने बताया कि नेहरू चौक बजरंग मैदान वार्ड 27 शास्त्री नगर कैम्प 1 निवासी प्रमिला सिन्हा अपने मकान में ताला जड़कर अपने पति रामलाल सिन्हा जो कार्यपालन अभियंता के पद पर कोंडागांव में पदस्थ है। उनके यहां गई हुई थी। कमरे के अंदर में रखे आलमारी से सोने के जेवरात अमरिकन डायमंड लगा हुआ सोने का कान का टाप 3 जोडी, अमेरिकन डायमंड अंगूठी 1 चांदी का सिक्का, पायल, बिछिया, करधन समेत तथा 10, 20, 100, 200, 500 के नोट गडडी रखा हुआ था। अज्ञात ने ताला तोड़कर सारा जेवरात व नगदी रकम लेकर फरार हो गया। चोरी हुए सामानों की कीमत 3.5 लाख रुपए आंकी गई है। चोरी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिलने पर छावनी पुलिस में शिकायत किया। मामले में पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

**दो मामलों में साइबर पुलिस कर रही जांच**

# इन्वेस्टमेंट और शेयर मार्केट के नाम पर लाखों की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

साइबर ठगी करने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। साइबर पुलिस ने बताया कि एलआईजी 02/2089 हाउसिंग बोर्ड कोहका निवासी शुभम जायसवाल के मोबाइल नंबर पर अज्ञात ने वाट्सअप कॉल किया। स्वयं को ब्रड सिक्योरिटी नामक कंपनी से होना बताकर इन्वेस्टमेंट कर लाभ कमाने का झांसा दिया। इसके बाद उसे वाट्सअप पर लिंक भेजा गया, जिसे क्लिक करने पर क्यू आर कोर्ड आया। शुभम ने अपनी मां रीता जायसवाल के बैंक आफ बड़ौदा के खाते से 10 हजार रुपये ट्रांसफर किया। उसमें 5000 लाभ के साथ उसे खाते में 15000 रुपये आ गए। इस लालच में आकर शुभम ने फ्रॉड के कहने पर 11 लाख 15 हजार रुपये शेयर ट्रेडिंग के नाम पर निवेश किया। जिसमें 6 लाख 15 हजार रुपये का विड्राल किया। इस तरह से उसके साथ साइबर ठगी की गई।

### ट्रेडिंग का झांसा,लाखों की ठगी

ट्रेडिंग का झांसा देकर ठगी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। साइबर पुलिस ने बताया कि शहीद वीरनारायण सिंग नगर खुर्सीपार निवासी मनीष कुमार गजपाल को आनलाईन ट्रेडिंग एप का झांसा देकर ठगी किया गया। अज्ञात ने पीड़ित के मोबाइल के वाटस्अप पर लिंक भेजा गया। जिसे ज्वाईन करने पर ट्रेडिंग करने की जानकारी दी गई। माह दिसम्बर में ट्रेडिंग में अपना पैसा लगाने को तैयार हुआ। एपलिकेशन को इन्स्टाल कराया गया। जिसमें ट्रेडिंग की सम्पूर्ण जानकारी दी गई। झांसे में आकर अलग-अलग समय पर कुल ट्रेडिंग के नाम पर कुल 13.90 लाख रूपये का ठगी किया गया। जिसकी शिकायत पुलिस से की गई है। फिलहाल ठगी के मामले में पुलिस जांच में जुटी हुई है।

**एप से जनरल-टिकट की बुकिंग पर, वैलेट में पैसे होने की अनिवार्यता खत्म**

# रेलवे के आर-वन एप से टिकट बुक करने पर मिलेगी तीन प्रतिशत की छूट, यूपीआई, डेबिड कार्ड से भी होगी बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ट्रेनों में सफर करने वाले रेल यात्रियों को रेल-वन एप के जरिए जनरल टिकट बुक करने पर 3 फीसदी की छूट मिलने वाली है। छूट का लाभ लेने के लिए यात्रियों को रेलवे के आर-वैलेट में पैसे जमा रखने की जरूरत नहीं होगी। यात्री यूपीआई, डेबिट कार्ड या नेट बैंकिंग के जरिए भुगतान करके भी इस छूट का लाभ ले सकेंगे। यह योजना 14 जनवरी से पूरे देश के साथ भिलाई-दुर्ग में भी लागू होगी। अब तक रेलवे एप के आर वैलेट का इस्तेमाल करने वाले यात्रियों को ही कैशबैक के रूप में 3 फीसदी का बोनस मिलता था। इसके लिए पहले वायलेट में रिचार्ज करना पड़ता था, इसलिए यात्री इस एप से टिकट बुक करने से बचते थे। अब रेलवे ने यूपीआई और डेबिट कार्ड से भी बुकिंग और उसमें छूट देने का फैसला लिया है। अभी इसे 6 महीने के लिए ट्रायल बेसिस पर शुरू किया जा रहा है। रेलवे बोर्ड के आदेश के मुताबिक यह नई व्यवस्था 14 जनवरी 2026 से प्रभावी होगी और 14 जुलाई 2026 तक लागू रहेगी। छह महीने के इस ट्रायल पीरियड के दौरान रेलवे यह देखेगा कि इस फैसले से डिजिटल बुकिंग का ग्राफ कितना बढ़ा है। सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम मई महीने में इस योजना का फीडबैक रेलवे बोर्ड को देगा। इसके आधार पर योजना को आगे जारी रखने पर फैसला लिया जाएगा।




### सभी रेल जोन को निर्देश

रेलवे ने बताया कि जो यात्री पहले से ही आर वैलेट का इस्तेमाल कर रहे हैं, उन्हें कैशबैक के रूप में मिलने वाला 3 फीसदी बोनस पहले की तरह ही मिलता रहेगा। उसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह नया बदलाव केवल उन लोगों के लिए है जो वॉलेट के बजाय सीधे अन्य डिजिटल माध्यमों से भुगतान करेंगे। रेलवे बोर्ड ने सभी जोनल रेलवे को निर्देश दिए हैं कि इस नई सुविधा का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा यात्री इसका लाभ उठा सकें।

### यात्रा होगी सस्ती

आर-वैलेट मुख्य रूप से भारतीय रेलवे से जुड़ा एक डिजिटल वॉलेट है। जिसका उपयोग यूटीएस और रेल वन जैसे ऐप्स के माध्यम से अनारक्षित ट्रेन टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट बुक करने और ई कैटरिंग सेवाओं के लिए किया जाता है। जिसमें रिचार्ज करने पर अक्सर 3 प्रतिशत तक का बोनस (कैशबैक) मिलता है। जिससे यात्रा सस्ती होती है, यह वॉलेट यूटीएस ऐप में पैसे रखने और टिकट बुकिंग को आसान बनाने के लिए है, जो फिजिकल डॉक्यूमेंट्स ले जाने से बचाता है।



# NATIONAL YOUTH DAY 2026

## Swami Vivekanand Jayanti

# स्वामी विवेकानंद के विचारों में

## आज का भारत युवाओं के हाथों भविष्य की कमान



**भारत की युवा शक्ति आज 2026 में एक नए युग के दौर से गुजर रही है। तकनीक, स्टार्टअप, आत्मनिर्भर भारत और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के बीच यदि कोई विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक और मार्गदर्शक है, तो वह है स्वामी विवेकानंद का युवा दृष्टिकोण। राष्ट्रीय युवा दिवस 2026 के अवसर पर उनके विचार न केवल प्रेरणा देते हैं, बल्कि आज के युवाओं को सही दिशा भी दिखाते हैं—जहाँ आत्मविश्वास, संस्कार और राष्ट्र निर्माण साथ-साथ चलते हैं।**

स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को हमेशा आत्मनिर्भर, साहसी और कर्मशील बनने का संदेश दिया। उनका स्पष्ट मानना था कि युवा ही समाज की सबसे बड़ी शक्ति हैं।

उनका अमर संदेश—

**"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए"**

आज 2026 में भी हर उस युवा के लिए प्रासंगिक है, जो अपने सपनों को साकार करना चाहता है।

विवेकानंद जी के अनुसार, जब युवा अपने भीतर की शक्ति को पहचान लेता है, तो वह केवल अपने लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए परिवर्तन का वाहक बन जाता है। राष्ट्रीय युवा दिवस 2026 पर युवा सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आवश्यकता बन चुका है।

आज का युवा डिजिटल दुनिया में आगे है, लेकिन साथ ही बेरोजगारी, मानसिक दबाव और दिशाहीनता जैसी चुनौतियों से भी जूझ रहा है।

स्वामी विवेकानंद का संदेश स्पष्ट था—

यदि युवा अनुशासन, आत्मविश्वास और उद्देश्य को अपने जीवन का आधार बना लें, तो कोई भी चुनौती उन्हें रोक नहीं सकती। सशक्त युवा ही मजबूत समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव रखता है।

भारतीय संस्कृति और आधुनिकता का संतुलनः विवेकानंद का विज़न

स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति को भारत की आत्मा बताया। उनका कहना था कि आधुनिक ज्ञान के साथ यदि संस्कृति और संस्कार जुड़े रहें, तो भारत विश्व का मार्गदर्शन कर सकता है।

**"हमारी संस्कृति में वह शक्ति है, जो पूरे विश्व को दिशा दे सकती है।"**

2026 के भारत में यह संदेश और भी महत्वपूर्ण हो जाता है, जब युवा वैश्विक मंच पर आगे बढ़ रहा है। अपनी भारतीय पहचान, मूल्यों और संस्कारों को बनाए रखते हुए आधुनिकता को अपनाना ही सच्ची प्रगति है।

स्वामी विवेकानंद का जीवन हमें सिखाता है कि सफलता केवल संसाधनों से नहीं, बल्कि आंतरिक शक्ति और चरित्र निर्माण से मिलती है। यदि युवा उनके विचारों को अपने जीवन में उतार लें, तो वे न केवल आत्मनिर्भर बनेंगे, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव भी ला सकेंगे। राष्ट्रीय युवा दिवस 2026 युवाओं को यह अवसर देता है कि वे अपने लक्ष्य को केवल व्यक्तिगत न रखें, बल्कि उसे राष्ट्र से जोड़ें।

---



**स्वामी विवेकानन्द के विचारों में आत्मविश्वास कर्म शिक्षा और राष्ट्रप्रेम का संदेश है "उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्ति न हो जाय" युवकों को प्रेरित करता है, साथ ही वह स्वयं पर विश्वास करने एवं कमजोरी को त्यागने और दूसरे की सेवा करने पर जोर देते हैं। उनके दर्शन का सार है कि आंतरिक शक्ति सब कुछ है और हमें अपने सकारात्मक विचारों को सकारात्मक रखना चाहिए।**

**जीव सेवा से शिव सेवा**

**पवन कुमार शर्मा**
डायरेक्टर
माँ शारदा पब्लिक स्कूल

आज हमारा देश संक्रमण काल से गुजर रहा है। चारों तरफ महंगाई, भाई भतीजावाद, जातिवाद, फैला हुआ है। मेरे युवकों से आह्वान है कि तुम चरित्रवान बनो। संस्कारवान बनो। स्वामी विवेकानंद ने कहा है – हे भावीसुधारक हे भावी देश भक्तों, तुम लोग ह्रदयवान बनो, प्रेमी बनो, क्या तुम लोग अपने प्राणों में यह अनुभव कररहे हो कि देवताओं एवं ऋषियों की करोड़ो संतान पशु समान हो गई है। क्या देश की दुर्दशा की चिंता तुम्हारे ध्यान का एकमात्र विषय है एवं उस चिंता में डूबकर क्या तुम लोग नाम, यश और स्त्री, पुत्र विषय सम्पत्ति यहां तक की शरीर भी भूल गए हो ?

क्या तुम लोगों की ऐसी अवस्था हुई है यदि हां तो जानना देश भक्ति की पहली सीढ़ी पर अभी तुमने केवल एक कदम रखा है। हे मेरे युवक तुम बलवान बनो, निडर बनो, विश्वास तुम अपने आप पर विश्वास, ईश्वर पर विश्वास यही उन्नति का एकमात्र उपाय है। उठो, जागो तथा लक्ष्य प्राप्त होते तक मत रुको।

### मेरी भावी नीतियां

आज की युवा पीढ़ी को सही रास्ता दिखना। उन्हें सही दिशा देना और पहले अपने भविष्य के बारे मे सोचना, क्योंकि युवा का भविष्य अच्छा होगा तो परिवार अच्छा होगा जो परिवार अच्छा होगा तो समाज अच्छा होगा, समाज अच्छा होगा तो देश अच्छा होगा।

### युवाओं के लिये संदेश

मेरा युवाओं के लिए संदेश है कि तुम बलवान बनो, निडर बनो, तुम अपने आप पर पहले विश्वास करो, ईश्वर पर विश्वास करो यही उन्नति का एकमात्र उपाय है। उठो, जागो तथा लक्ष्य प्राप्त होते तक मत रुको।

Admission Open



MA SHARDA PUBLIC SCHOOL
Sector-IX Ph. 0788-2242200
(A English Medium Senior Secondary School) Affiliated to CBSE (A Centre of Excellence)

---



*"उनके कथन "उठो, जागो और अपना लक्ष्य प्राप्त करो" यह संदेश युवओं को नया जोश और स्फूर्ति प्रदान करता है।*

*स्वामी विवेकानंद जी ऐसे युवा चाहते थे जो इस्पात से बने हो अर्थात दृढ़ निश्चयी हो।*

*स्वामी विवेकानंद जी के एक वाक्य को भी अपने जीवन में कोई उतार ले तो उसका जीवन सफल हो जाएगा।"*

**निशांत त्रिपाठी**
Chairman (BG)
SSIPMT Raipur

### युवाओं, उठो, जागो और उद्देश्य प्राप्ति के पहले मत रुको

निशांत सर के अनुसार आज के अधिक युवा कम समय में एवं कम मेहनत में बहुत अधिक पाना चाहते है और जो मेहनत करना चाहते है उन्हें सही मार्गदर्शन नहीं मिल पाता है। आज का युवा यदि ठान ले कि उसे भीड़ में नहीं खोना है। अपनी छिपी शक्ति को बाहर निकालना है और इतना उपर उठना है वे दूसरों के लिए आदर्श बन जाए इसके लिये उसे कितना भी मेहनत करना पड़े, क्योंकि कोई भी कार्य असंभव नहीं है। केवल जुनून की जरुरत है। यदि सच्चे मन और ईमानदारी से आगे बढ़ा जाए तो निश्चित है आपके साथ अच्छे लोग जुडेंगे। ध्यान रहे की मन में घमंड नहीं लाना और हमेशा जमीन से जुड़े रहना और मानवीयता को हमेशा याद रखना। मैं भी इस शहर में आया था अकेला था पर अब अच्छे लोग जुड़ते गये कारवां बनता गया और मैं सफलता की सीढ़ी चढ़ता गया।

### युवाओं के लिये संदेश

स्वामी विवेकानन्द के विचार को रखते हुए युवाओं को यह संदेश देना चाहता हूँ कि तुम्हारे अंदर सिंह के समान शक्ति है अपने को भेड़ों के बीच रखकर भेड़ सा व्यवहार मत करो। तुम सिंह हो और अपनी शक्ति को पहचानों क्योंकि तुम्हीं देश और समाज को बदल सकते हो अपितु नयी और अच्छी विचारधारा का संचार कर देश और समाज को आगे बढ़ाओ।

### स्वामी जी का विशेष संदेश

सभी देशों की वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुये वर्तमान में असहिष्णुता संबंधी बहुत सी बातें हमारे देश में भी चल रही है। इस संबंध स्वामी विवेकानन्द का शिकागों के धर्म सभा का वो भाषण उल्लेखित करना चाहूंगा कि भारत ही एकमात्र एक ऐसा देश-जो सबसे अधिक सहिष्णु है, जहाँ सभी धर्म एक सुन्दर बाग की तरह विभिन्न खिले हुये फूलों की तरह सुसज्जित है और किसी भी फूल के पेड़ को क्षत विक्षित नहीं किया जाता है और माली सबको समान रूप से देखभाल करता है। तो सभी भारतनिवासी से मेरा अनुरोध है कि इस प्रकार के किसी बेकार तथ्यों पर अपना मस्तिष्क विकृत न करें और स्वविकास और उन्नति की ओर ध्यान दें।

---



### यदि परिस्थितियों पर आपकी मजबूत पकड़ है तो, जहर उगलने वाला भी आपका कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

**शिक्षा का अर्थ है उस पूर्णता को व्यक्त करना जो सब मनुष्यों में पहले से विद्यमान है।**

**रवि सोनी**
डायरेक्टर
फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट

स्वामी विवेकानंद का मानना था कि यदि आप दुनिया को बदलना चाहते हैं, तो आपको पहले खुद पर विश्वास करने की आवश्यकता है। विवेकानंद का यह उपदेश प्रत्येक मनुष्य को उनके भीतर मौजूद क्षमता को साकार करने के लिए सशक्त बनाता है और सिर्फ इसलिए कि आप अलग हैं इसका मतलब यह नहीं है कि आप गलत हैं इसलिए, आपको अपने आप पर विश्वास करने की आवश्यकता है और उस रास्ते पर चलते रहना चाहिए जो आप सोचते हैं कि आपके लिए दूसरों की राय और अपनी मान्यताओं को जाने दिए बिना सही है। तुम्हें कोई पढ़ा नहीं सकता, कोई आध्यात्मिक नहीं बना सकता। तुमको सब कुछ खुद अंदर से सीखना है। आत्मा से अच्छा कोई शिक्षक नहीं है। आपकी अपनी आत्मा के अलावा कोई दूसरा आध्यात्मिक गुरु नहीं है।

### युवाओं के लिये संदेश

स्वामी विवेकानन्द के विचार को रखते हुए युवाओं को यह संदेश देना चाहता हूँ कि तुम्हारे अंदर सिंह के समान शक्ति है अपने को भेड़ों के बीच रखकर भेड़ सा व्यवहार मत करो। तुम सिंह हो और अपनी शक्ति को पहचानों क्योंकि तुम्हीं देश और समाज को बदल सकते हो अपितु नई और अच्छी विचारधारा का संचार कर देश और समाज को आगे बढ़ाओ।

---



### जब तक आप खुद पर विश्वास नहीं करते तब तक आप भागवान पर विश्वास नहीं कर सकते।

**यह स्वामी विवेकानंद का एक और स्वर्णिम उपदेश है क्योंकि उनका मानना है कि आप लगातार कुछ करने के लिए काम कर रहे हैं जो आपके सफल होने के लिए हैं।**

**अतुल पर्वत**
चेयरपर्सन :-
भिलाई केन-डू पर्वत फाउंडेशन

कितनी बार ऐसा होता है कि हम असुविधाओं के चेहरे पर हार मान लेते हैं और अपने लक्ष्य को छोड़ देते हैं? लेकिन स्वामी विवेकानंद मानवता की महानता में विश्वास करते थे और मनुष्य कैसे भी किसी भी बाधा को दूर करने की क्षमता रखते हैं, यदि वे पर्याप्त रूप से लगातार हों। यह स्वामी विवेकानंद का एक और स्वर्णिम उपदेश है क्योंकि उनका मानना है कि आप लगातार कुछ करने के लिए काम कर रहे हैं जो आपके सफल होने के लिए हैं। इसलिए, यदि आप बार-बार असफल होते हैं तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि यदि आप प्रयास करते रहेंगे तो आप एक दिन या दूसरे दिन अपने लक्ष्य तक पहुंच जाएंगे।

### युवाओं के लिये संदेश

यदि स्वयं में विश्वास करता और अधिक विस्तार से पढ़ाया और अभ्यास कराया गया होता, तो मुझे यकीन है कि बुराइयों और दु:ख का एक बहुत बड़ा हिस्सा गायब हो गया होता। उस विचार को अपना जीवन बना लो उसके बारे में सोचो उसके सपने देखो, उस विचार को जियो। अपने मस्तिष्क, मांसपेशियों, नसों, शरीर के हर हिस्से को उस विचार में डूब जाने दो, और बाकी सभी विचार को किनारे रख दो। यही सफल होने का तरीका हैं।

## खबर संक्षेप

### थनौद में आज मंडई मेला

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम थनौद बस्ती पारा में समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में 12 जनवरी सोमवार को भव्य मंडई मेला का आयोजन रखा गया हैं। सरपंच मेनका दिनेश देशमुख ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंच का मेला का आनंद उठाने की अपील की गई है. वहीं मेला में रात 10 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम में खुमान साव कृत ठेकवा राजनांदगाव वालो की प्रस्तुति होगी।

### नगपुरा में पारंपरिक मंडई मेला आज

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नगपुरा में आगामी 12 जनवरी को पारंपरिक मंडई का भव्य आयोजन रखा गया है। तोप सिंह धीमर ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए ग्रामवासियों द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

### नेशनल क्रिकेट के लिए डुंडेरा की खुशी का चयन



**उतई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम डुंडेरा की होनहार बेटी खुशी क्षत्रिय पिता संतोष क्षत्रिय ने राष्ट्रीय स्तर पर दुर्ग संभाग का नाम रोशन किया है। खुशी राष्ट्रीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता (अंडर-19 बालिका वर्ग) बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दुर्ग संभाग से प्रतियोगिता में चयनित हुई है। राष्ट्रीय टीम में चयन की खबर मिलते ही खुशी क्षत्री को बधाई देने वालों का तांता लग गया। नगर निगम रिसाली के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उनके घर जा कर शॉल-श्रीफल से सम्मान किया। इस दौरान छंगा साहू,पवन बंजारे, ईश्वर साहू, चंदूलाल गायकवाड़,मोनू तिवारी, होमेन्द्र साहू, मनोज बंजारे,किशन देवांगन, अमोली राम,योगेश फेकर, छन्नू यादव,दुर्गा यादव, टीकाराम बंजारे, मानसिंह साहू, राकेश विश्वकर्मा सहित अन्य ग्रामीण ने सफलता के लिए बधाई दी।

## निधन

### शांति देवी उपाध्याय

**भिलाई।** शांति देवी उपाध्याय का निधन 11 जनवरी को हो गया।



उनकी अंतिम यात्रा 12 जनवरी को सुबह 11 बजे निज निवास 83/9 नेहरू नगर पूर्व भिलाई से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे साधु लाल उपाध्याय की पत्नी, लक्ष्मण प्रसाद उपाध्याय की मां एवं राकेश कुमार की दादी थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है।

### एम एम मिश्रा

**भिलाई।** पूर्व भारतीय सैनिक व पूर्व भिलाई इस्पात कर्मी एमएम



मिश्रा उम्र 83 वर्ष का निधन रीवा में हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम महमूदपुर में किया गया। वे भिलाई मजदूर संघ यूनियन, कार्यकारी अध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा, कृष्ण कुमार मिश्रा, इंद्रमणि प्रसाद मिश्रा, सत्यनारायण मिश्रा के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### वंदना श्रीवास्तव

**भिलाई।** 149 सी, स्ट्रीट-17 स्मृति



नगर भिलाई निवासी वंदना श्रीवास्तव पति विमल श्रीवास्तव का निधन हो गया। अंतिम यात्रा 12 दिसंबर को दोपहर 12.30 बजे स्मृति नगर से रामनगर मुक्ति धाम के लिए निकाली जाएगी।

### मालती जोशी

**दुर्ग।** पचरीपारा न्यू बस स्टैंड के



पास निवासी मालती जोशी 82 वर्ष का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 12 जनवरी की सुबह 10.30 बजे उनके निवास स्थान से हरनाबांधा मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। वे केशव जोशी की पत्नी और सचिन जोशी की मां थी। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है।

## किसान बंधु संगठन की ठेलका चौक में बैठक

# टोकन सिस्टम, शराब दुकान मामले में कार्रवाई न होने पर किसान नाराज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा**

किसान बंधु संगठन धमधा ब्लॉक के तत्वावधान में रविवार को ठेलका चौक में किसानों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसानों से जुड़े कई लंबित मामलों पर चर्चा करते हुए संगठन ने निर्णय लिया कि समस्याओं के निराकरण को लेकर मंगलवार 13 जनवरी को दुर्ग कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

बैठक में बताया गया कि धान विक्रय में आ रही समस्याओं को लेकर पूर्व में ही अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), धमधा को ज्ञापन सौंपा जा चुका है। इसके बावजूद अब तक टोकन सिस्टम को बढ़ाने या समाधान की दिशा में कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पाई है। किसानों ने बताया कि धमधा सोसायटी अंतर्गत हीरेतरा, घोटा, पेंड्रावन, भाटा कोकड़ी, घोटवानी, रौंदा सहित अन्य सोसायटी के कई किसान आज भी धान विक्रय से वंचित हैं।

**13 जनवरी को दुर्ग कलेक्टर को सौंपे जाएंगे ज्ञापन**



### परसकोल मुआवजा मामला भी लंबित

ग्राम परसकोल के किसानों ने बताया कि नहर निर्माण के लिए करीब 40 वर्ष पूर्व अधिग्रहित की गई कृषि भूमि का मुआवजा आज तक नहीं मिला है। किसानों ने बताया कि इस मामले में भी पूर्व में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), धमधा को शिकायत दी गई थी।जिसमें किसानों को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धमधा ने संबंधित विभाग से मौके का पता कर के किसानों को मौखिक रूप से बताया गया था कि मुआवजे की राशि संबंधित किसानों के बैंक खाते में नहीं आई है, इसी कारण भुगतान नहीं किया जा सका। किसानों ने सवाल उठाया कि इतने वर्षों बाद भी राशि बैंक में क्यों नहीं पहुंची, इसका कोई स्पष्ट जवाब अब तक नहीं दिया गया।

### शराब दुकान अछोली प्रकरण पर भी रोष

बैठक में एक और अहम मुद्दा शराब दुकान अछोली से जुड़ा सामने आया। किसानों और ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले में कथित रूप से फर्जी कार्य किए जाने और करवाए जाने को लेकर सीईओ जनपद पंचायत धमधा के विरुद्ध जांच और कार्रवाई की मांग पहले ही की जा चुकी है।हालांकि, आज तक इस मामले में कोई जांच दल गठित नहीं किया गया, जिससे प्रशासनिक निष्क्रियता पर सवाल उठ रहे हैं।

### किसानों ने जताई नाराजगी

बैठक में किसानों ने कहा कि बार-बार ज्ञापन और शिकायत देने के बावजूद यदि कार्यवाही नहीं होती, तो यह किसानों की समस्याओं की अनदेखी है। संगठन ने स्पष्ट किया कि यदि अब भी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो आगे आंदोलनात्मक कदम उठाने पर विचार किया जाएगा।

### कलेक्टर से समाधान की उम्मीद

किसान बंधु संगठन ने उम्मीद जताई कि दुर्ग कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के बाद इन सभी मामलों पर गंभीरता से संज्ञान लिया जाएगा और लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाएगा। वही बैठक में किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल आत्मा साहू अध्यक्ष किसान बंधु संगठन धमधा ब्लॉक , मोती वर्मा सरपंच प्रतिनिधि,मुन्ना दाऊ,जयप्रकाश विश्वकर्मा,भवानी सिन्हा, पेखन यादव, दादू शर्मा,परमेश्वर साहू,दादू ठाकुर,बरखू कुर्रे इत्यादि किसान मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार हाईवा दुकान में घुसी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन**

पाटन क्षेत्र की सड़कों पर भारी वाहनों की अनियंत्रित रफ्तार आमजन के लिए जानलेवा साबित होती जा रही है। नजर हटते ही

- **पाटन की सड़कें बनीं जानलेवा, ज़रा-सी लापरवाही बन रही हादसों की वजह**

दुर्घटना घटित हो रही है और प्रशासनिक लापरवाही पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। ऐसा ही एक ताजा मामला रविवार सुबह करीब 9 बजे पाटन से लगे ग्राम अटारी में सामने आया, जहां तेज रफ्तार हाइवा अनियंत्रित होकर पलट गई और सीधे एक दुकान में जा घुसी।



प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीणों के अनुसार हाइवा चालक अत्यधिक गति में वाहन चला रहा था। अनियंत्रित रफ्तार के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे हाइवा पलट गई। राहत की बात यह रही कि घटना सुबह के समय हुई, जिस कारण दुकान के आसपास कोई मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा जान-माल का नुकसान हो सकता था।

बताया जा रहा है कि उक्त हाइवा अभनपुर की ओर से आ रही थी और उसमें भारी मात्रा में राखड भरी हुई थी। अधिक वजन और तेज रफ्तार के चलते वाहन असंतुलित होकर पलट गया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर एकत्र हो गए।

ग्रामीणों का कहना है कि रात और सुबह के समय भारी वाहनों का तेज गति से आवागमन लगातार बढ़ रहा है। बिना किसी डर के हाइवा, ट्रक और अन्य भारी वाहन गांव की सड़कों से गुजरते हैं, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि भारी वाहनों की गति पर सख्त नियंत्रण लगाया जाए, ब्रेकर बनाए जाएं और रात्रिकालीन भारी वाहन संचालन पर रोक लगाई जाए। भारी भरकम गाड़ी दौड़ रही है लेकिन पुलिस करवाही क्यों नही कर रही है । स्थानीय लोगों का साफ कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने ठोस कदम नहीं उठाए, तो पाटन क्षेत्र की सड़कें दुर्घटना घाटी बनती चली जाएंगी। अब सवाल यह है कि प्रशासन जागेगा या किसी बड़े हादसे के बाद ही कार्रवाई करेगा।



### विराट युवा महोत्सव आज पाटन में 99 ईकाई के युवा होंगे शामिल

**पाटन/सेलूद।** स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के पावन अवसर पर तहसील साहू संघ पाटन के तत्वावधान में "विराट युवा महोत्सव 2026" का आयोजन 12 जनवरी सोमवार को साहू सदन पाटन में किया जा रहा है। आयोजन के मुख्य अतिथि दीपक ताराचंद साहू (पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प विकास बोर्ड छत्तीसगढ़) होंगे। अध्यक्षता नंदलाल साहू (अध्यक्ष, जिला साहू संघ दुर्ग) करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुनील साहू (संगठन सचिव, प्रदेश साहू संघ छ.ग.) एवं कल्पना नारद साहू सभापति, जिला पंचायत दुर्ग की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम के दौरान देवेश साहू (डिप्टी कलेक्टर), पोलेस्वर साहू (डिप्टी कलेक्टर) तथा राजेश साहू (डी.एस.पी.) विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। साथ ही विभिन्न परिक्षेत्रों के अध्यक्षगणों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा। युवा महोत्सव के अंतर्गत प्रातः 11:00 बजे से विराट युवा बाइक रैली 99 इकाई के द्वारा रेस्ट हाऊस से तहसील कार्यालय पहुंचेगी , 1:00 बजे से कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम, 2:00 बजे से अतिथि उद्बोधन एवं सम्मान समारोह तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

### महापुराण कथा में भक्तों ने सुना शिव विवाह प्रसंग



**अंडा।** ग्राम खपरी (सिलोदा) में आयोजित शिव महापुराण कथा के छठवें दिन भगवान शिव एवं माता पार्वती के पावन विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। इस अवसर पर पूरे ग्राम में श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर प्रिया साह (सभापति, जिला पंचायत दुर्ग), नंद कुमार साहू (जनपद सदस्य, रसमड़ा), अनुसूईया नारायण साहू (सरपंच, ग्राम पंचायत खपरी सिलोदा), नारायण साहू (पूर्व सरपंच), विजय साहू (पूर्व उपसरपंच) सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी श्रद्धालुओं ने व्यासपीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में कीर्ति बसंत साहू, चिंता राम साहू, सोमती दिनेश निषाद, ललित संतोषी यादव, देवला साहू, इंद्रानी साहू, ज्योति साहू, अश्वनी साहू, भूपेंद्र यादव, रोहिणो साहू, दोहित निषाद, उमेश्वरी साहू, खुलास यादव, कुमेश्वरी साहू, सतरूपा बाई साहू, सुंदर लाल साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## नई शिक्षा नीति के तहत कौशल, मिला व्यावहारिक प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा**



राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 को विद्यालय स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करने के उद्देश्य से विकासखंड स्त्रोत केंद्र, धमधा में कक्षा छठवीं के अंग्रेजी एवं सामाजिक विज्ञान विषय के शिक्षकों हेतु पाँच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 05 जनवरी से 09 जनवरी तक किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के अनुरूप आधुनिक, व्यावहारिक एवं छात्र-केंद्रित शिक्षण पद्धतियों से सशक्त बनाना रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बेनीराम वर्मा एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक केशव पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में विकासखंड के कुल 110 शिक्षक सम्मिलित हुए, जिनमें 60 अंग्रेजी एवं 50 सामाजिक विज्ञान विषय के शिक्षक शामिल रहे।

## अंचल की खबरें

### शिक्षक फेडरेशन का नए सिरे से गठन




**पाटन।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन विकासखंड पाटन का पुनर्गठन शनिवार को शासकीय प्राथमिक पी. एम थाला अखरा में किया गया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी थे। इस दौरान सर्वसम्मति से विकासखंड स्तरीय पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। जिसमें प्रदीप कुमार वर्मा शिक्षक शास. पूर्व माध्यमिक शाला खम्हरिया को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष द्वय खिलेन्द्र कुमार साहू शिक्षक निपानी, हरिशंकर देवांगन शिक्षक भनसुली, कोषाध्यक्ष शेषनारायण साहू शिक्षक पन्दर, सहकोषाध्यक्ष- गौतम साहू शिक्षक कुर्मीगुण्डरा, सचिव सुशील साहू शिक्षक परसदा, सहसचिव द्वय करूणा पटेल शिक्षिका चुलगहन, दरबार सिंह साहू शिक्षक पन्दर, मीडिया प्रभारी सलाहकार पत्राचार लक्ष्मीकांत तिवारी शिक्षक भनसुली, संगठन प्रभारी पूर्णेश्वर यादव शिक्षक गब्दी, ममता साहू शिक्षिका सिपकोना एवं प्रवक्ता द्वय रोहित अहीर शिक्षक मर्रा व तोरण कुमार साहू नियुक्त किये गए। साथ ही चंचल कुमार द्विवेदी जिला कार्यकारी अध्यक्ष जिला दुर्ग के लिए मनोनीत किया गया। आयोजन में विशिष्ट अतिथि द्वय-प्रांताधाक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर, प्रांत कोषाध्यक्ष राजेन्द्र चन्द्राकर, विशेष अतिथि भानुप्रताप यादव जिलाध्यक्ष छ.ग तृतीय कर्मचारी संघ, महेन्द्र कुमार साहू प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव एवं अन्य विशेष अतिथि के रूप में के के बछोर संरक्षक छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन, पवन कामड़े, महेन्द्र वर्मा जिला सचिव एवं मोरध्वज वर्मा प्राचार्य शास.उ.मा.वि. भिलाई-3 की पावन उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपेन्द्र कुमार साहू प्रधानपाठक शास.पू. मा. शाला अखरा पाटन ने की। संचालन छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन दुर्ग संभाग महामंत्री चंचल कुमार द्विवेदी ने की। अंत में नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा ने आभार प्रदर्शन किया।

### विज्ञान मेले ने उभारी छात्रों की वैज्ञानिक सोच



**कुम्हारी।** श्री रावतपुरा सरकार स्कूल, कुम्हारी में आयोजित विज्ञान मेले मे छात्रों की वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता को बढ़ावा दिया। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ कैंपस डायरेक्टर डॉ. एस प्रकाश राव और नर्सिंग प्रिंसिपल डॉ. वर्निश ने किया। विज्ञान के विविध आयामों पर केंद्रित इस मेले में छात्रों ने सौर ऊर्जा, रोबोटिक्स, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी जैसे विषयों पर आधारित आकर्षक और ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए। इनमें 'चंद्रयान', 'स्वचालित स्ट्रीट लाइट', 'होलोग्राम', 'टेस्ला कॉइल', 'नदी शोधक' तथा 'हार्मोनोडायलिसिस' जैसे प्रोजेक्ट्स विशेष रूप से प्रशंसा का केंद्र रहे। छात्रों ने अपने मॉडल्स के माध्यम से जटिल वैज्ञानिक सिद्धांतों को सरल व रोचक तरीके से समझाकर सभी का ध्यान आकर्षित किया।

### जामुल में शेड निर्माण शुरू, लोगों ने सराहा

**जामुल।** सार्वजनिक शीतला मंदिर आनंद धाम जामुल में नगर पालिका के अध्यक्ष निधि से स्वीकृत पांच लाख रूपए लागत की राशि से शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर एवं नगर पालिका के इंजीनियर सचिन भागवत उपस्थित रहे । अतिथियों का स्वागत मंदिर प्रांगण में सार्वजनिक शीतला मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद जामुल अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने शीतला मंदिर आनंद धाम प्रांगण के सौंदर्यीकरण की भूरी भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम के विशेष अतिथि चंदन गुप्ता संरक्षक शीतला मंदिर समिति ने मंदिर के क्रमशः विकास से अतिथियों को अवगत कराया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शीतला मंदिर समिति के संचालक तुलसी निर्मलकर व अन्य उपस्थित थे।

शोक संदेश



स्व. जय कुमार (विलिस यादव)

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरे छोटे पुत्र जय कुमार (विलिस यादव) का आकस्मिक निधन दिनांक 29.12.2025, दिन-सोमवार को हो गया है। जिनकी आत्मशांति के लिए कार्यक्रम रखा गया है। अतः आप पधारकर मृतात्मा को शांति प्रदान करें।

कार्यक्रम- तेरहवीं दिनांक 12.01.2026, दिन-सोमवार
दोपहर- 01:00 बजे से शांति भोज
स्थान : यादव कल्याण परिषद, भवन सेक्टर-7, भिलाई

शोकाकुल परिवार

श्री हरेन्द्र राय, सुरेन्द्र राय, प्रमोद राय, रविन्दर राय, मोखतार राय, रामकुमार राय (काली), विजय कुमार राय (भाई), मनोज कुमार, विक्रम, रोशन, मनीष कुमार, राहुल कुमार,रोहित, अभिषेक, विक्की, मयंक, यश राय,अनिश राय, पीयूश राय (भतीजा), आदित्य राय (पुत्र), मो.- +919827130125, 9926800725
श्रीमती गंगाजली देवी (माता जी) एवं समस्त राय परिवार

सम्बंधित फर्म : मनोज रोड लाइंस, सुरेन्द्र रोड लाइन 38/10, ट्रांसपोर्ट नगर, भिलाई
यादव कृषि फर्म -ग्राम रुही एम जामगांव (पाटन)

नोट : कृपया जिन्हें सूचना ना मिली हो इसे सूचना माने।

# मैत्रीबाग जू की फीकी हो रही चमक, नहीं ला रहे नये और आकर्षक जानवर

## कई जानवर व पक्षी हो चुके बूढ़े, दुर्लभ आस्ट्रेलियन इमू बर्ड भी चल बसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रदेश के सबसे बड़े चिड़ियाघर मैत्रीबाग के निजीकरण के विरोध के बीच जू में दुर्लभ और आकर्षक वन्य प्राणियों का आकर्षण सिमट रहा है। ट्विनसिटी के लोगों के मनोरंजन और बच्चों के जू एजुकेशन के इस प्राकृतिक पर्यटन केंद्र में कई जानवर और परिंदे वृद्ध होने के साथ लंबे समय से नए जानवरों की आमद नहीं होने से लोग निराश हैं। सैलानियों ने नए देशी विदेशी आकर्षक वन्य प्राणियों को लाकर जू को नए सिरे से रिनोवेट किए जाने की मांग की है।

मैत्रीबाग प्रदेश का एकमात्र चिड़ियाघर है, जो वाइट टाइगर के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है। इसकी स्थापना भारत व सोवियत संघ की मैत्री के प्रतीक के रूप में 1972 में की गई थी। बीस साल पहले तक यहां विभिन्न प्रजातियों के 600 से अधिक देशी विदेशी सामान्य व विलुप्तप्राय जानवर व पक्षी थे। पिछले कुछ सालों से यहां इनके बूढ़े होने व मर जाने से चिड़ियाघर की चमक फीकी हो गई है। वर्तमान में यहां करीबन दो सौ हिरणों, सांभरों व नील गाय सहित लगभग पचास प्रजाति के चार सौ वन्य प्राणी ही बचे हैं। इनमें कई बूढ़े हो चुके हैं और सिंगल हैं। जानकारों के मुताबिक पक्षियों व जानवरों की औसत आयु 6 से 15,16 वर्ष ही होती है। यदि जल्द ही पर्याप्त आकर्षक देशी व विदेशी और विलुप्तप्राय जानवर नहीं लाए गए तो धीरे धीरे कैज खाली होते जाएंगे।

### दर्जनभर वयोवृद्ध व सिंगल

मैत्रीबाग जू में एक दर्जन से अधिक वन्य प्राणी वयोवृद्ध और सिंगल हैं। कई औसत उम्र के जानवर व पक्षी मर चुके हैं। यहां आकर्षक आस्ट्रेलियन पक्षी ईमू बर्ड भी चल बसा। इसकी उम्र 6 साल होती है। मादा ईमू की मौत के बाद हमउम्र की भी मौत हो जाने पर यह कैज खाली हो जाएगा। इसी तरह वर्तमान में तेंदुआ और सिंह (लायन) भी इकलौता व वृद्ध हो चुका है। परिंदों में एडजूटेंट स्टार्क, सारस, बस्तर का कड़कनाथ मुर्गा, साही आदि के भी पेयर नहीं हैं। मैत्रीबाग में कुछ साल पहले तक आकर्षक ऊदबिलाव, आधा दर्जन रायल बंगाल टाइगर, हिमालयन सफेद भालू, दुर्लभ लायनटेल मंकी जैसे कई वन्य प्राणी हुआ करते थे।





### मनोरंजन का है बड़ा पर्यटक केंद्र

मैत्रीबाग जू में वर्तमान में 6 वाइट टाईगर सहित डेढ़ सौ हिरण, 30 सांभर,15 नील गाय सहित लकड़बघ्घे, सियार,बीस बंदर, बीस तोते, 4 उल्लू,चील, 2 क्रोकोडायल 4,घड़ियाल, 2 भालू सहित दर्जनभर गिनीपिग सफेद चूहे आदि विभिन्न नस्ल के चार सौ वन्य प्राणी हैं। पर्यटकों ने बताया कि प्रबंधन को हजारों बीएसपी कर्मियों के मनोरंजन के लिए जू का आकर्षण व आय बढ़ाने के लिए इसे आकर्षक बनाने की जरूरत है।

## खबर संक्षेप

### शराब भट्ठी में चला चाकू आरोपी हुआ फरार

**पाटन।** पाटन में इंदिरा मार्केट स्थित शराब भट्ठी के पास शराबियों के बीच पीने पिलाने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि उन्होंने चाकू से हमला कर दिया। इसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस जब तक वहां पहुंची आरोपी वहां से भाग गया। पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। पाटन पुलिस ने बताया कि इंदिरा मार्केट दुर्ग सरस्वती कंसरटेंट कमरा नंबर 218 प्रथम तल निवासी रुपेन्द्र कुमार कत्लम पाटन शराब भट्ठी से शराब खरीद कर आहता में बैठकर पी रहा था। वह आहता के बाहर खड़ी अपनी बाइक स्टार्ट कर घर जा रहा था। इसी दौरान उसका भतीजे प्रहलाद ठाकुर से ग्राम सिकोला निवासी भुरू और अन्य युवक शराब पीने पिलाने की बात पर विवाद करने लगे। रुपेन्द्र ने उन्हें समझाने का प्रयास किया। इस पर भुरू व उसके साथियों ने मारपीट शुरू कर दी। उनमें एक व्यक्ति ने अपने पास रखे धारदार चाकू को निकाला और प्रहलाद ठाकुर की पेट में घुसा दिया। जब वो लहूलुहान होकर गिया गया तो आरोपी वहां से फरार हो गए। पाटन पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रहलाद की हालत गंभीर है उसे बड़े हॉस्पिटल में रेफर किया गया है।

### सेल स्थापना दिवस पर रन फॉर सेल 24 को

**भिलाई।** सेल के स्थापना दिवस पर 24 जनवरी को रन फार सेल 5 किमी पैदल चाल का आयोजन किया गया है। दौड़ सिविक सेंटर मैदान इंदिरा प्लेस से सुबह 8 बजे शुरू होगी। समापन सुबह 10.30 बजे आयोजित है। प्रतियोगिता के प्रतिभागियों में बालिका/महिला और बालक/पुरुष वर्ग में विभाजित किया गया है। बालिका/महिला वर्ग में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक, बारहवीं से 45 वर्ष तक, 46 वर्ष से 60 वर्ष तक तथा पूर्व कर्मचारी (सेवानिवृत्त) श्रेणियां शामिल हैं। बालक/पुरुष वर्ग में भी कक्षा छठवीं तक, कक्षा सातवीं से बारहवीं तक, बारहवीं से 45 वर्ष तक, 46 वर्ष से 60 वर्ष तक तथा पूर्व कर्मचारी (सेवानिवृत्त) श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। प्रतिभागियों को 24 जनवरी को 7 बजे जयंती स्टेडियम, इंदिरा प्लेस में रिपोर्ट करना होगा। विजेताओं को पुरस्कार और स्मृति चिन्ह सेल प्रशासन द्वारा प्रदान किए जाएंगे। सभी सेल इकाइयों में सर्वश्रेष्ठ समय देने वाले एक बालक व एक बालिका को 5 हजार रुपये पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। कक्षा छठवीं तक के विद्यार्थियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बालक तथा बालिका को 3 हजार रुपए नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।


### राज्य शासन को जमीन नहीं मिलने से रहवासियों को नहीं मिल रहा पट्टा

# रिसाली निगम क्षेत्र में 152 एकड़ बसाहट की बीएसपी जमीन का हस्तातंरण लटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रिसाली निगम क्षेत्र में 152 एकड़ बसाहट वाली बीएसपी जमीन का हस्तातंरण का मामला लटका हुआ है। चार महीने पहले इस जमीन को राज्य शासन को देने बीएसपी ने सहमति दे दी है लेकिन हेंडओवर नहीं किया है। जिसकी वजह से यहां की बड़ी आबादी को न ही पट्टा मिल पा रहा है और न ही मालिकाना हक। जिला प्रशासन और बीएसपी अधिकारियों के बीच बैठक में हस्तातंरण पर राय बना ली गई। फिर भी राज्य शासन को जमीन हस्तातंरित नहीं होने से शासन की योजनाओं को अमलीजामा नहीं पहनाया जा रहा है।

### बैठक में हस्तांतरण के लिए ली गई राय



### 20 वार्ड के 30 हजार आबादी को मिलेगी राहत

रिसाली निगम क्षेत्र के अंतर्गत 40 वार्ड आते हैं। इन वार्डों में 20 वार्ड ऐसे हैं जो बीएसपी की जमीन पर हैं। इन वार्डों में करीब 30 हजार की आबादी रहती है। जमीन हैंडओवर होने से इन लोगों का सर्वे कर पट्टा वितरण व मालिकाना हक देने की प्रक्रिया शुरू होगी। इन वार्डों में मरोदा कैंप वार्ड 14, मौहारीभाठा वार्ड 15, बीआरपी कालोनी वार्ड 16, शिवपारा स्टेशन मरोदा वार्ड 17, एचएससीएल कालोनी स्टेशन मरोदा वार्ड 18, विजय चौक स्टेशन मरोदा वार्ड 19, शंकरपारा स्टेशन मरोदा वार्ड 20, सूर्यानगर स्टेशन मरोदा वार्ड 21, नेवईभाठा वार्ड 32, नेवई बस्ती पूर्व वार्ड 33, वार्ड 34, डुंडेरा पश्चिम वार्ड 35, डुंडेरा पूर्व वार्ड 36, जोरातराई वार्ड 38, स्टोरपारा पुरैना वार्ड 38, पुरैना बस्ती वार्ड 40 और रूआबांधा बस्ती वार्ड 4 आदि शामिल हैं।

### इस तरह पट्टा और मालिकाना हक मिलेगा

सूत्रों के मुताबिक बीएसपी की ये बसाहट वाली जमीन मिलने से जिन लोगों की जमीन 500 वर्गफीट तक हैं उन्हे पट्टा बांटे जाएंगे। इससे ज्यादा की जमीन जिन लोगों के कब्जे में हैं उनका नाप-जोख कर एक निश्चित राशि शासन द्वारा तय की जाएगी। इस तय राशि का भुगतान करने के बाद जमीन की रजिस्ट्री उस व्यक्ति के नाम पर की जा सकेगी। इससे उन्हें मालिकाना हक मिलेगा। ऐसा होने से सालों से अवैध कब्जा का दंश झेल रहे वार्डवासियों को राहत मिलेगी। वहीं निगम का राजस्व भी बढ़ेगा। हर साल संपत्ति कर निगम को ऐसे लोग भुगतान करेंगे।

### छत्तीसगढ़ राजस्व विभाग से केबिनेट में होगी मंजूरी

बीएसपी द्वारा बसाहट वाली जमीन राज्य शासन को हेंडओवर होने के बाद छग राजस्व विभाग राजपत्र में प्रकाशित करेगा। राजपत्र प्रकाशन के साथ ही लोगों से दावा-आपत्ति भी मांगी जाएगी। दावा-आपत्ति के निराकरण के बाद यह मामला केबिनेट की बैठक में प्रेषित किया जाएगा। केबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद राज्य शासन वार्डो में सर्वे करवाएगी। सर्वे की रिपोर्ट के आधार पर पट्टा वितरण और मालिकाना अधिकार देने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

### वर्तमान में बुनियादी सुविधाएं दे रहा निगम

बीएसपी की जमीन में जो 20 वार्ड हैं वहां रिसाली निगम बुनियादी सुविधाएं मुहैया करवा रही है। यहां बिजली, पेयजल, सड़क, नाली जैसी बुनियादी सुविधाएं लोगों को मिल रही है। इसके एवज में रिसाली निगम द्वारा समेकित कर की वसूली भी की जा रही है। संपति कर को लेकर इन क्षेत्रों में हजारों लोग पैसे नहीं दे रहे हैं। जिसकी वजह से रिसाली निगम को राजस्व की क्षति भी उठानी पड़ रही है। बीएसपी की जमीन होने से यहां विकास कार्य करवाने में भी निगम को दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

### लोगों को है इंतजार

रहवासी रामनरेश, खिलावन चंद्राकर, उपेंद्र सिंह, मानिकलाल, कौशिल्या बाई, सुखवंतीन, रमेश यादव, रोमलाल आदि ने बताया कि कई महीने से यही सुनने को मिल रहा है कि बसाहट वाली जमीन में सरकार हमें पट्टा देगी। मालिकाना हक भी हमें मिलेगा। लेकिन केवल घोषणा और अखबारों में ही पढ़ने को मिला है। पट्टा और मालिकाना हक मिलेगा तो सालों की मेहनत सफल हो जाएगी। लोन लेकर घरों को पक्का बना सकेंगे। बेदखली का भय भी नहीं रहेगा। अभी तो निगम और बीएसपी दोनों का खौफ बना रहता है कि कब उन्हे इस जगह से हटा दें।

### विधायक व सांसद ने की है पहल

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रिसाली निगम आता है। वहीं दुर्ग लोकसभा क्षेत्र भी है। इसलिए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और भाजपा सासंद विजय बघेल ने बीएसपी की बसाहट वाली जमीन को राज्य शासन को हस्तातंरित करने की पहल की है। जिला प्रशासन और बीएसपी अधिकारियों की कई दौर की बैठक भी हो चुकी है लेकिन अभी तक जमीन हैंडओवर नहीं हो पाया है।

### जमीन हैंडओवर जल्द ही

"बीएसपी क्षेत्र की 152 एकड़ जमीन बसाहट वाली है। इसे राज्य सरकार को हैंडओवर करने के लिए जिला प्रशासन, निगम और बीएसपी अधिकारियों के साथ बैठक लगातार चली है। जमीन जल्द ही हैंडओवर होगी। मामला प्रशासन व शासन स्तर का है।

**अखिलेश गुप्ता,** ईई रिसाली निगम

# सीसीटीएनएस के कार्यों की एसएसपी ने की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एसएसपी विजय अग्रवाल ने पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर 6 में सीसीटीएनएस के कार्यों की समीझा की। इस दौरान सीसीटीएनएस के ऑपरेटरों के कार्यों के बारे में जाना। बैठक में जिले के सभी थानों के ऑपरेटर पहुंचे थे। एसएसपी ने थानों में पेश चालान,सीसीटीएनएस में आईआईएफ फार्म डाटा इंट्री, नॉन एफआईआर गुमइंसान, मर्ग, एमएलसी, फैना, शिकायत, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की समयबद्ध डाटा इंट्री, मेडलीपीआर पोर्टल के अंतर्गत एमएलआर, पीएमआर रिपोर्ट डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करना, ई- एफएसएल से ऑनलाईन भेजना और परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त करना, ई-अभियोजन में स्वीकृति के बाद ई-चार्जशीट न्यायालय पेश करना, ई-समंस तामिल,आईआईएफ-6 डाटा इंट्री, आईटीएसएसओ पोर्टल से महिलाओ से जुड़े अपराध की मानिटरिंग, समय-सीमा में चालान पेश करना, सिटिजन पोर्टल में एफआईआर समय सीमा में पब्लिश करना, सिटिजन सर्विसेस से प्राप्त चरित्र सत्यापनों का सत्यापन, सभी पुलिस प्रक्रियाओं को ऑनलाइन, डिजिटल करने सभी थाना के सीसीटीएनएस ऑपरेटर को निर्देशित किया गया। इसके अलावा सीसीटीएनएस कार्यालय से आरक्षक काशी बरेठ द्वारा अलग से प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण देकर समस्याओं का निराकरण किया। बैठक में एएसपी सुखनंदन राठौर भी मौजूद थे।

- पुलिस कंट्रोल रूम में हुआ आयोजन

## बीएसपी कार्मिकों को मिला शाबाश श्रेणी पुरस्कार



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में शाबाश' श्रेणी–2 अर्धवार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन संयंत्र भवन में किया गया। संयंत्र की उत्पादकता, सुरक्षा एवं उत्कृष्ट कार्य निष्पादन में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने पुरस्कार विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं उपहार प्रदान कर उनके उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि सुरक्षा एक साझा जिम्मेदारी है और यह सतत एवं स्थायी उत्पादकता प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। राकेश कुमार ने कर्मचारी कल्याण गतिविधियों पर भी ध्यान आकर्षित किया, जिसमें उन्होंने अच्छे कैंटीन सेवाओं, स्वच्छ और सुव्यवस्थित शौचालय सुविधाओं और स्वस्थ कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया।

# लेबर कोड और सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण के खिलाफ होगी अभा हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सीटू और स्टील फेडरेशन आफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा पूर्व सांसद तपन सेन ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण और मजदूर विरोध लेबर कोड के खिलाफ हमारी लड़ाई तेज होगी। बीएसपी सहित सेल के सभी संयंत्रों के अस्पतालों को आउटसोर्सिंग व रिटेंशन स्कीम के किराया वृद्धि का भी विरोध किया जा रहा है। निजीकरण के खिलाफ सीटू सहित सभी यूनियनों और जन संगठनों द्वारा 12 फरवरी को आल इंडिया हड़ताल की जाएगी। यहां सीटू के सम्मेलन में आए श्री सेन ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा श्रमिकों के हितों व अधिकारों की रक्षा करने वाले पुराने 29 श्रम कानूनों को खत्म कर 4 श्रम संहिताओं का लागू किए जाने से 65 प्रतिशत छोटे उद्योग बंद हो जाएंगे और कई श्रमिक सड़क पर आ जाएंगे। मजदूरों के हितों की रक्षा करने वाली यूनियनों को हड़ताल करने का अधिकार नहीं रहेगा। हम लेबर कोर्ट जाने का अधिकार भी छीन लिया जाएगा। इस मामले में केंद्र सरकार गुमराह कर रही है। जो खुद को राष्ट्र प्रेमी बोल रहे हैं वे राष्ट्र को बेच रहे हैं। हम नए लेबर कोड का पुरजोर विरोध कर रहे हैं। यह सब सरकार उद्योग मालिकों के रक्षा के लिए कर रही है। उन्होंने कहा कि एक एक कर देश की परिसंपत्तियों व सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण करने से हजारों कर्मी बेकार हो जाएंगे। बीएसपी के अस्पताल व रिटेंशन स्कीम किराया वृद्धि के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि सेल के सभी अस्पतालों का निजीकरण किया जा रहा है, हम इसका विरोध कर रहे हैं। सेल कर्मियों के अपूर्ण वेतन समझौता के सवाल पर तपन सेन ने कहा कि सेल प्रबंधन ने सेल कर्मियों के 39 महीने के एरियर्स को देने का मौखिक सहमति दी थी, लेकिन वादा खिलाफी के चलते सीटू ने वेतन समझौता के एमओयू पर साइन नहीं किये। एरियर्स को रोकन अवैधानिक है। चर्चा के दौरान सीटू भिलाई के पूर्व महासचिव एसपी डे उपस्थित थे।

### निजीकरण से रेल की गुणवत्ता गिरेगी : तपन सेन

स्टील फेडरेशन आफ इंडिया के अध्यक्ष श्री सेन ने कहा कि बीएसपी का रेल उत्पादन सेल का सबसे बड़ा व उत्पाद है। रेल पांतों को रेलवे को सप्लाई की जाती है। बीएसपी के निजी हाथों में जाने से निजी कंपनी रेल की गुणवत्ता गिरा सकती है।



## ठेठवार समाज के प्रतिनिधि मंडल ने वित्तमंत्री चौधरी से की मुलाकात



**उतई ।** दुर्ग राज ठेठवार ( यादव ) समाज के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के वितमंत्री ओ पी चौधरी से उनके निवास शंकर नगर रायपुर में मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने दुर्ग राज ठेठवार समाज के द्वारा आयोजित वार्षिक अधिवेशन 8 फ़रवरी के लिए बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया। वित्तमंत्री ओ .पी. चौधरी ने ठेठवार समाज के आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार किया। समाज के लोगों ने उनका शॉल भेंटकर सम्मान भी किया। यादव राज अध्यक्ष राजकुमार यादव ने समाज के लोगों से अधिवेशन में अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की है। इस दौरान दुर्ग राज ठेठवार (यादव) समाज के अध्यक्ष राजकुमार यादव , छत्तीसगढ़ी लोक गायक खुमान सिंह यादव, सियान गणेश यादव , जनपद सदस्य एवं सभापति दुर्ग गोपाल यादव एवं ग्राम चंदखुरी के क्षेत्रीय सामाजिक पंच कृष्णा यादव उपस्थित थे।




सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान 200 से अधिक बसें पहुंची, ट्रैफिक नियम के तहत की गई जांच

# शहर के स्कूली बसों की चेकिंग, कई में मिली खामियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान ट्रैफिक पुलिस व परिवहन विभाग ने स्कूली बसों की बारिकी से जांच की। इसके लिए रविवार को भिलाई-दुर्ग के सभी स्कूल बसों को सेक्टर 6 स्थित पुलिस ग्राउंड में चेक किया गया। इस दौरान खामियां नजर आने पर बस संचालक के खिलाफ चालानी कार्रवाई भी की गई। बसों के परमिट निरस्तीकरण की अनुशंसा करने की चेतावनी भी दी गई है। ट्रैफिक पुलिस की टीम ने स्कूल बसों की जांच में पूर्व में दी गई सूचना के आधार पर दो सौ से अधिक स्कूली बसें पहुंची थीं। बसों की मैकेनिकल जांच के साथ उनके टैक्स, फिटनेस, बीमा, परमिट, स्पीड गवर्नर, जीपीएस, अग्निशमन यंत्र और वायु प्रदूषण प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेजों की जांच की गई। बस की हेड लाइट, बैक लाइट, अंदर की सफाई और हार्न को भी परखा गया। एक चेक लिस्ट के आधार पर यह निश्चित किया गया कि सभी स्कूल बसें निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप है या नहीं। इस मौके पर एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा भी खुद मौजूद रहीं। उन्होंने खुद तय किया कि बसों की जांच हर नॉम्स के तहत हो रही है कि नहीं। उन्होंने कहा कि स्कूली बचों की बारीकी से जांच इसलिए जरूरी है, क्योंकि इसमें कई नन्हीं जिंदिगियां सवार होकर अपने भविष्य को गढ़ने के लिए स्कूल आना जाना करती हैं।

- सेक्टर 6 के पुलिस कंट्रोल ग्राउंड में पहुंची स्कूली बसें



### जिन बसों में मिली खामियां उन्हें दिए निर्देश

चेकिंग के दौरान कई स्कूली बसों में खामियां पाई गईं। इसके बाद उन बस संचालकों को चेतावनी दी गई कि वो उन्हें ठीक करने के बाद ही उसका संचालन करें। एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि सभी स्कूल बसों की सूची मंगाई गई है। उसके मुताबिक उन्हें जांच के लिए बुलाया गया है। उनके द्वारा सूची को क्रास चेकि किया जा रहा है कि सभी बसों की जांच हुई या नहीं। इस दौरान दुर्ग आरटीओ के अधिकारी और उनकी टीम भी मौजूद रही। आरटीओ इंस्पेक्टर सनत कुमार जांगड़े ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत स्कूली बसों की जांच की गई है। जिन बसों में खामियां मिली है, उन पर चालानी कार्रवाई कर उसके संचालकों को सुधार के निर्देश दिए गए हैं।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 12 जनवरी 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129


बालाजी मंदिर से-5 में आयोजन





लाइव इवेंट

## शिवालयों में की गई पूजा-अर्चना किए ओमकार मंत्र का सामूहिक जाप



**दुर्ग।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के मार्गदर्शन में दुर्ग जिला भाजपा संगठन के अंतर्गत आने वाले 17 मंडलों के शिवालयों में पूजा अर्चना के पश्चात ओमकार मंत्र का जाप किया गया। सुरेंद्र कौशिक ने कोडिया स्थित भुईया फोड़ महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की। मुख्य रूप से साजा विधायक ईश्वर साहू उपस्थित रहे। संध्या काल में जिला भाजपा अध्यक्ष कसारीडीह बोरसी मंडल में स्थित शिवालय में पूजा अर्चना कर ओमकार मंत्र का जाप किया।

- सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत जिला भाजपा के 17 मंडलों के मंदिरों में हुआ आयोजन

सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि सदियों से बार-बार हुए हमलों के बावजूद, सोमनाथ मंदिर भारत की अटूट भावना के प्रतीक के रूप में आज भी शान से खड़ा है। सोमनाथ की कथा केवल एक मंदिर की नहीं, बल्कि भारत माता के उन अनगिनत सपूतों के अदम्य साहस की कहानी है जिन्होंने देश की संस्कृति और सभ्यता की रक्षा की। उन्होंने कहा कि जनवरी 1026 में गजनी के महमूद ने सोमनाथ मंदिर पर हमला कर उसे ध्वस्त कर दिया। वर्ष 2026 जनवरी में इस आस्था और सभ्यता पर बर्बर हमले के 1000 वर्ष पूर्ण हुए हैं। सोमनाथ मंदिर के इसी सहनशीलता पुनरुत्थान और निरंतरता को रेखांकित करने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में पवन शर्मा, लोकेंद्र ब्रह्म भट्ट, कौशल साहू, तेखन सिन्हा, रोहित राजपूत, अनिल यादव, अजय तिवारी, रोमनाथ साहू, राकेश यादव आदि उपस्थित थे।



सिटी इवेंट

## महिला कॉलेज और कवर्धा के बीच हुआ एमओयू, स्टूडेंट्स को मिलेगा लाभ



**भिलाई।** भिलाई महिला महाविद्यालय ने शैक्षणिक उत्कृष्टता और संस्थागत सहयोग की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आचार्य पंथ ग्रंथ मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। यह एमओयू महाविद्यालय की प्राचार्या प्रतिभा छाया क्लॉडियस और डॉ. ऋचा मिश्रा प्राचार्य शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा के मध्य औपचारिक रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. भावना पांडेय, आईक्यूएसी प्रभारी, भिलाई महिला महाविद्यालय तथा डॉ. अनिल कुमार शर्मा, आईक्यूएसी प्रभारी, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा की उपस्थिति रही। समारोह में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आशा रानी दास, डॉ. भारती वर्मा और डॉ. दीप्ति टिकरिया उपस्थित रहे। यह एमओयू दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए, शिक्षक एवं छात्र आदान-प्रदान, संयुक्त सेमिनार, कार्यशालाएं, शोध गतिविधियां और अन्य सहयोगात्मक कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए किया गया है, जिससे दोनों संस्थानों का समग्र विकास एवं विद्यार्थियों का सर्वांगीण उत्थान हो सकेगा। यह सहयोग दोनों महाविद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध संस्कृति एवं कौशल विकास पहलुओं को सुदृढ़ करेगा।

### तीन दिवसीय अखंड हरि कीर्तन कल

**भिलाई।** श्री जय अम्बे शिव पार्वती समदरबार हनुमान, शनिदेव नवग्रह, विश्व कल्याणार्थ मकर संक्रांति, श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शनिदेव मंदिर, मैत्री विहार, राधिका नगर में 13 से 15 जनवरी तक आयोजित है। पं. योगेंद्र मणि त्रिपाठी, पं. कौशलेंद्र मणि त्रिपाठी, पं. विवेकानंद त्रिपाठी ने बताया कि 14 जनवरी को अखंड हरि कीर्तन सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगी। 15 जनवरी को सुबह 10 बजे तक होगी। सामूहिक भोग भंडार सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित है।

### मंडई-मेला महोत्सव कल, सांस्कृतिक कार्यक्रम

**भिलाई/अंडा।** ग्राम खपरी में पारंपरिक मंडई-मेला महोत्सव का आयोजन 13 जनवरी को किया जा रहा है। इस अवसर पर रात्रिकालीन कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम लहर गंगा की प्रस्तुति दी जाएगी। रात्रि में आयोजित होने वाले इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में पुरानिक साहू द्वारा कृत "लहर गंगा", धनेली की टीम अपनी आकर्षक प्रस्तुति देगी, छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति, परंपरा एवं कला की जीवंत झलक देखने को मिलेगी। मंडई-मेला महोत्सव को लेकर ग्रामवासियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

● मकर संक्रांति पर बालाजी मंदिर में होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं

# बच्चों ने अपनी कल्पनाओं में भरे रंग, पोंगल, प्रकृति, बालाजी बजरंग बली और पर्यावरण संरक्षण के दुष्प्रभाव पर की चित्रकारी

**भिलाई। सेक्टर 5 स्थित बालाजी मंदिर में आंध्र साहित्य समिति के तत्वावधान में हर साल की तरह इस मकर संक्रांति पर भी विविध आयोजन होंगे। चार दिनों तक मनाए जाने वाले तेलुगु भाषियों के सबसे बड़े उत्सव में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और कई प्रतियोगिताएं रखी गई हैं। जिसके अंतर्गत मंगलवार को रंगोली, व्यंजन और पुष्पगुच्छ प्रतियोगिता सहित अन्य कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। वहीं इस बार 15 को मकर संक्रांति का पर्व मनाया जायेगा और उसके एक दिन पहले बुधवार को सूर्योदय से पहले घर परिवार की नकारत्मकता को दूर करने अलाव जलाकर भोगी पर्व की रस्म पूरी की जायेगी। इस कड़ी में रविवार को ड्राइंग कंपिटिशन हुआ, जिसमें तीन आयु वर्गों के बालक-बालिकाओं ने कूंचे से अपनी कल्पनाओं में रंग भरे। सब जूनियर, जूनियर और सीनियर ग्रुप में हुई इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पोंगल, प्रकृति, भगवान बालाजी, बजरंग बली, पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण के दुष्प्रभाव पर आकर्षक चित्रकारी की।**



घरों को सजाएंगे रंगोली से

### मंगलवार को रंगोली और व्यंजन प्रतियोगिता



मकर संक्रांति पर आयोजित कार्यक्रमों की कड़ी में मंगलवार को रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इसी दिन व्यंजन प्रतियोगिता भी होगी, जिसमें प्रतिभागियों को अपने घरों से मैदा या बेसन से बने व्यंजन लाने होंगे। इसके अलावा पुष्पगुच्छ प्रतियोगिता भी रखी गई है, ये पुष्पगुच्छ घरों से तैयार करके ही लाने होंगे। इससे पहले सुबह छह बजे मंदिर में भगवान बालाजी और श्रीदेवी-भूदेवी का अभिषेक कर अलंकरण किया जाएगा।

### मकर संक्रांति गुरुवार को

इस बार 15 जनवरी गुरुवार को ही मकर संक्रांति मनाई जाएगी, इस दिन सुबह छह बजे तिरुप्पावै अनुष्ठान रखा गया है। इसके बाद सहस्रनामार्चना की जाएगी। तत्पश्चात नित्य पूजा होगी, फिर भगवान को नैवेद्य अर्पित किया जाएगा। शाम छह बजे पूजा-अर्चना की जाएगी और उसके बाद सभी भक्तों के लिए मंदिर के कपाट खोल दिए जाएंगे। रात नौ बजे सनातन विधिविधान से शुद्ध भाव से भगवान की एकांत सेवा की जाएगी। एकांत सेवा से पहले विजयनगर के म्यूजिकल ग्रुप सिने संगीत लहरी द्वारा संगीत संध्या आयोजित की जाएगी।



### बुधवार को भोगी पर्व



अगले दिन यानी बुधवार को भोगी पर्व मनाया जाएगा। जिसमें भगवान बालाजी और भूदेवी की अवतार माता गोदा देवी का सभी रस्मों के साथ कल्याणोत्सव (विवाहोत्सव) भी होगा। दक्षिण भारतीयों में भोगी पर्व का विशेष महत्व है। भोगी पर्व अलाव जलाकर मनाया जाता है, जिसमें प्रतीकात्मक रूप से पुरानी और अवांछित वस्तुओं के साथ बुरी आदतों को आग में झोंक दिया जाता है, ताकि नए एवं सकारात्मक विचारों का मार्ग प्रशस्त हो सके। इस दिन विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे और प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

# चेतना ने बॉल बैडमिंटन में भारत को दिलाया स्वर्ण पदक, किया सम्मानित



**दुर्ग/उतई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आदर्श नगर, उतई की प्रतिभावान खिलाड़ी चेतना साहू ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बॉल बैडमिंटन में स्वर्ण पदक जीतकर न केवल अपने क्षेत्र का बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर विधायक ललित चन्द्राकर ने चेतना साहू का सम्मान किया।

- कड़ी मेहनत और पढ़ाई के साथ साधा लक्ष्य, विधायक ललित चंद्राकर ने दी बधाई

उल्लेखनीय है कि पटना में आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत, नेपाल, भूटान और श्रीलंका की टीमों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला भारत और श्रीलंका के बीच खेला गया। इस रोमांचक मैच में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को पराजित कर प्रथम स्थान स्वर्ण पदक प्राप्त किया। स्वर्ण पदक विजेता चेतना साहू, भुनेश्वर साहू की पुत्री हैं। वे वर्तमान में शासकीय दानवीर कॉलेज उतई में द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। चेतना का चयन भिलाई-3 स्थित ग्राउंड में हुए कड़े ट्रायल्स के माध्यम से हुआ था। अपनी कॉलेज की पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उन्होंने यह अंतर्राष्ट्रीय मुकाम हासिल किया है। चेतना की इस सफलता पर विधायक ललित चंद्राकर ने उनकी खेल प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने चेतना को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद देते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल की प्रतिभाएं अब अंतर्राष्ट्रीय पटल पर अपनी पहचान बना रही हैं, जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर चंदू देवांगन, प्रवीण यदु, फत्ते लाल वर्मा, ममता चंद्राकर, धनश्याम चंद्राकर, फलेंद्र राजपूत, शुभम वर्मा उपस्थित थे।

# गोल्ड मेडलिस्ट कुणाल का वतन आने पर हुआ स्वागत

**भिलाई।** अंतरराष्ट्रीय बाल बैडमिंटन में गोल्ड मेडल जीतने पर दुर्ग के वार्ड 52 बजरंग चौक बोरसी के वार्ड निवासियों ने कुणाल साहू का जोरदार स्वागत किया। कुणाल नेपाल काठमांडू विराटनगर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बाल बैडमिंटन श्रृंखला में काठमांडू को हराकर भारत का परचम लहराकर लौटे हैं। इसके बाद अपने वतन लौटने पर लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। स्वागत के दौरान वार्ड 51 निवासी पोषण साहू, प्रशांत साहू, पिंकी साहू, कौशिक साहू, ग्राम अचानकपुर के उपसरपंच टिकेश्वर प्रसाद साहू, गुल्ले, रेखा यादव, लालेश्वरी यादव, मीना, यादव, दुर्गा यादव, दानेश्वरी, काजल, डौली साहू, मोनिका यादव, पांचू, लक्ष्मी सहित काफी संख्या में लोगों उपस्थित होकर कुणाल को बधाई दी।



## प्रगतिशील लेखक संघ की शोकसभा में जुटे साहित्यकार

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ भिलाई दुर्ग के तत्वावधान में प्रख्यात साहित्यकार,संपादक ज्ञानरंजन के निधन पर शोकसभा का आयोजन सेक्टर 5 में प्रगतिशील लेखक संघ भिलाई दुर्ग के अध्यक्ष परमेश्वर वैष्णव के निवास साहित्य परिसर में किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार रवि श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ, छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य सम्मेलन, इप्टा, जनवादी लेखक संघ, जन संस्कृति मंच के साहित्यका व प्रबुद्ध जन उपस्थित थे। सभी साहित्यकारों ने ज्ञानरंजन को साठोत्तरी पीढ़ी का प्रमुख कथाकार बताते हुए उनके निधन को अपूर्णीय क्षति निरूपित किया। वरिष्ठ कथाकार लोकबाबू ने कहा ज्ञानरंजन ने कहानी को नई दिशा दी है। साहित्यिक पत्रिका पहल के संपादक के रूप में भी वैचारिक स्तर को बनाए रखने के साथ युवा रचनाकारों को प्रोत्साहित किया। मेरे उपन्यास बस्तर बस्तर के लिए लिखी उनकी भूमिका के कारण मैं आगे बढ़ सका। वरिष्ठ कवि रवि श्रीवास्तव ने कहा ज्ञानरंजन ने एक बड़े कथाकार ही नहीं बल्कि प्रगतिशील आंदोलन के अगुवा भी थे। 1965 में लिखी उनकी कहानी पिता और मृत्य अद्भुत है। लोग 125 कहानी लिखकर बड़े साहित्यकार नहीं बन पाते पर ज्ञानरंजन मात्र 26 कहानी लिखकर बड़े साहित्यकार बन गए। पहल पत्रिका ने तो उन्हें अमर कर दिया।

# ट्विनसिटी के साहित्यकारों ने ज्ञानरंजन को दी भावभीनी श्रद्धांजलि, कहा-जगाई चेतना



### युवाओं को देख परसाई की तरह होते थे खुश

वरिष्ठ कथाकार गुलवीर भाटिया ने कहा आज जब विचारधारा पर हमले हो रहे हैं, ऐसे निर्मम दौर में ज्ञानरंजन जैसे वैचारिक और चिंतनशील साहित्यकार का निधन दुखदायी है। कवि शरद कोकास ने कहा युवा लेखकों से मिलकर हरिशंकर परसाई की तरह ज्ञानरंजन खुश होते थे। वे कहते थे साहित्य में कभी शॉर्टकट नहीं होता वैचारिक प्रतिबद्धता व मेहनत की जरूरत होती है। व्यंग्यकार विनोद साव ने कहा ज्ञान रंजन हिंदी साहित्य के एक बड़े बौद्धिक वैचारिक व्यक्ति थे। वे निर्भीक लेखक तो थे ही उनमें रचना और लेखक के विश्लेषण की गहरी समझ थी। कवि परमेश्वर वैष्णव ने कहा वे अन्वेषक साहित्यकार संपादक थे। पहल पत्रिका के माध्यम से उन्होंने हिंदी साहित्य की प्रयोगशाला का 125 अंक तक सफल संचालन किया। शायर मुमताज ने कहा ज्ञानरंजन सिद्धांतवादी व्यक्ति ही नहीं, बड़े लेखक के साथ बड़े इंसान भी थे। उनमें नीर क्षीर विश्लेषण की समझ दी। कथाकार विजय वर्तमान ने कहा हिंदी साहित्य में जो साथ महावीर प्रसाद द्विवेदी का था वही हैसियत ज्ञानरंजन की थी। वे हिंदी कहानी के महत्वपूर्ण स्तंभ थे। डां. नलिनी श्रीवास्तव ने कहा ज्ञानरंजन पहल में प्रकाशित करके कई लेखकों कवियों को समृद्ध किया। कार्यक्रम का संचालन प्रलेस भिलाई दुर्ग अध्यक्ष परमेश्वर वैष्णव ने व आभार प्रदर्शन सचिव विमल शंकर झा ने किया। इस अवसर पर कमला वैष्णव, बसंत कुमार उईके, शिव नारायण, सुंदर लाल व लखन वर्मा आदि साहित्यकार व सुधीजन उपस्थित थे।

### युवा कहानीकारों की फौज की तैयार

कवि अंजन कुमार ने कहा ज्ञानरंजन ने साहित्य को समृद्ध करने के साथ युवा कहानीकारों की एक फौज तैयार की हमने एक बड़े वैचारिक - सांगठनिक व्यक्ति को खो दिया है। श्रमिक नेता विनोद सोनी ने कहा हमें ज्ञानरंजन के सिद्धांतों पर चलकर अन्याय के खिलाफ वैज्ञानिक समाजवाद को बढ़ावा देना होगा। वरिष्ठ कवयित्री संतोष झांझी, सहदेव देखमुख प्रदीप भट्टाचार्य ,छत्तीसगढ़ इप्टा के अध्यक्ष मणिमय मुखर्जी ने भी विचार व्यक्त करते हुए कथाकार ज्ञानरंजन को प्रखर निर्भीक संपादक व कालजयी लेखक बताया।



## खबर संक्षेप



### लाल बहादुर शास्त्री को दी श्रद्धांजलि

**दुर्ग।** कायस्थ सभा दुर्ग द्वारा कायस्थ रत्न, देश के द्वितीय प्रधानमंत्री, भारत रत्न एवं स्वतंत्रता सेनानी स्व लाल बहादुर शास्त्री की 61 वीं पुण्यतिथि पर उनके प्रतिमा स्थल पोटिया में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। पश्चात उपस्थित सभी सदस्यों के आपसी सहयोग द्वारा पुलगांव स्थित वृद्धाश्रम में जाकर बिस्किट नमकीन एवं फल वितरित किया गया। इस अवसर पर कायस्थ सभा दुर्ग के वरिष्ठजनों द्वारा शास्त्री की जीवनी पर उनके सादगीपूर्ण जीवन के बारे में बताया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, संजय वर्मा, आलोक श्रीवास्तव, सुमित श्रीवास्तव, प्रशांत बक्शी, आनंद श्रीवास्तव, संतोष खरे, अनूप खरे, अभिषेक वर्मा, महिला विंग से सरोज श्रीवास्तव, पूनम श्रीवास्तव, रश्मि आलोक श्रीवास्तव, रंजना श्रीवास्तव, अराधना खरे आदि उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

### शिक्षक फेडरेशन पाटन ब्लॉक का पुनर्गठन



**दुर्ग।** शासकीय प्राथमिक पीएम शाला अखरा में पाटन विकासखंड क्षेत्र के छत्तीसगढ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन का पुंनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से छ0ग0प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के विकासखंड स्तरीय पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। जिसमें प्रदीप कुमार वर्मा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खम्हरीया को अध्यक्ष नियुक्ति किया गया। उपाध्यक्ष खिलेन्द्र कुमार साहू शिक्षक निपानी, हरीशंकर देवांगन शिक्षक भनसुली कोषाध्यक्ष, शेष नारायण साहू शिक्षक पंदर, सह कोषाध्यक्ष गौतम साहू शिक्षक कुर्मीगुडरा सचिव, सुशील कुमार परसदा सह सचिवए द्वय सुश्री करूणा पटेल शिक्षिका चुलगहन, दरबारसिंग साहू शिक्षक मीडिया प्रभारी सलाहकार पत्राचार, लक्ष्मीकांत तिवारी शिक्षक भनसुली संगठन प्रभारी, पूर्णेश्वर यादव गब्दी, ममता साहू शिक्षिका द्विवेदी आदि की नियुक्ति की गई। यह जानकारी प्रभारी भानु प्रताप यादव ने दी।

### सुशील बने प्रदेश कार्यसमिति सदस्य



**भिलाई।** पूर्व विधायक प्रतिनिधि व नगर निगम भिलाई 3 के पूर्व एल्डरमैन भिलाई 3 निवासी सुशील शर्मा को प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा का प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया है। श्री शर्मा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महामंत्री समेत सभी वरिष्ठजनो का आभार व्यक्त किया है

# कांग्रेसियों ने उपवास रख सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

ग्रामीण जनता की जीवनरेखा मानी जाने वाली मनरेगा योजना को कमजोर किए जाने के विरोध में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत दुर्ग ग्रामीण, शहर एवं भिलाई जिला कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को गांधी प्रतिमा दुर्ग के सामने एकदिवसीय उपवास का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में मनरेगा मजदूर, किसान, महिला श्रमिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, कांग्रेसजन एवं जनआंदोलन से जुड़े लोग शामिल हुए।

जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, दुर्ग शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, भिलाई अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, मनरेगा बचाओ संग्राम प्रभारी राजेन्द्र साहू, नीता लोधी सहित सैकड़ों लोगों ने उपवास रख भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर आंदोलन की शुरुआत की। उपवास स्थल पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी डॉ. एसए संपत कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार मनरेगा को योजनाबद्ध तरीके से खत्म करने पर तुली हुई है। यह सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि देश के करोड़ों गरीब मजदूरों के पेट की लड़ाई है, जिसे भाजपा सरकार कुचलना चाहती है। यह संविधान और कानून का खुला उल्लंघन है। पूर्व केबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि मनरेगा पर हमला गरीबों पर हमला है। मजदूरों के हक छीनने वाली इस सरकार को कांग्रेस चुपचाप नहीं बैठने देगी। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने मनरेगा कानून को बंद कर एक नई योजना लागू किए जाने के संबंध में कहा कि भाजपा सरकार केवल नाम बदलकर एक कानून को बंद कर दूसरा योजना लागू कर रहा है जिसमें काम की गारंटी ही नहीं है, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी सिर्फ योजना नही बल्कि कानून है जिसे बंद करने की बड़ी साजिश भाजपा सरकार ने रचा है। जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि मनरेगा देश के करोड़ों ग्रामीण परिवारों को सम्मानजनक रोजगार देने वाला कानून है, लेकिन सरकार की नीतियों के कारण आज यह कानून गंभीर संकट में है। मनरेगा बचाओ संग्राम के दुर्ग जिला प्रभारी राजेन्द्र साहू ने कहा कि मनरेगा जैसे कानून जिसका अनेक देशों ने तारीफ किया और देश में एक मिशाल पेश किया, ऐसा कानून को भाजपा सरकार बंद कर जनता को गरीबी और भुखमरी की ओर धकेले जा रहे हैं, जिससे पलायन लगातार बढ़ रहा है।

## मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत लोगों ने रखे उपवास




### आंदोलन में तेजी लाने का आव्हान

एक दिवसीय उपवास के समापन पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आगामी मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत आईसीसी द्वारा निर्धारित रूपरेखा के अनुसार आंदोलन में तेजी लाने का भी आह्वान किया गया। इस दौरान राजीव गुप्ता, महेंद्र वर्मा, हरीश ठाकुर, विक्रांत अग्रवाल, महेंद्र निषाद, टोमन अग्रवाल, बलराम राजपूत, विष्णु निषाद,अशोक साहू, रज्जाक खान, धर्मेंद्र साहू, कैलाश नाहटा, ओनी महिलांग, संतोष बाफना, शिव साहू, राजू यादव, तीरकेश बंजारे, श्रीकांत वर्मा, टनेन्द्र ठाकरे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### लोकतंत्र के लिए चिंताजनक

यह स्थिति लोकतंत्र और सामाजिक न्याय दोनों के लिए चिंताजनक है। दुर्ग शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि यदि मनरेगा को खत्म करने की साजिश हुई है और मजदूरों के हक को कुचलने का कार्य किया जा रहा है, आंदोलन को व्यापक और निर्णायक रूप दिया जाएगा। आभार प्रदर्शन भिलाई शहर अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने किया।

## समस्या : हाईटेंशन तार बना जानलेवा, लोग डर में जीने को मजबूर

# पानी संकट से जूझ रहे लोग, बूंद-बूंद को तरसी 5 हजार की आबादी

वार्ड परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

करीब पांच हजार की आबादी वाले खुर्सीपार वार्ड 46 में लोगों को बुनियादी सुविधा पानी तक ठीक से नहीं मिल पा रहा। एक ओर जहां लोग हाईटेंशन तार की वजह से डर के साये में जी रहे हैं तो वहीं इस वार्ड में पानी की कमी के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नगर निगम भिलाई के जोन 4 अंतर्गत दुर्गा मंदिर वार्ड 46 की सबसे बड़ी समस्या केमिकल युक्त पानी है। आज भी नलों में केमिकल युक्त पानी आ रहा है। वार्ड का एकमात्र वाटर एटीएम पिछले छह महीनों से बंद पड़ा है। इससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। बोर के जरिए दिन में एक बार पानी दिया जा रहा है, लेकिन इतनी बड़ी आबादी के लिए यह बिल्कुल नाकाफी है। सार्वजनिक नलों में पानी तो आता है लेकिन उसका प्रेसर काफी कम है। कई घरों में तो बाल्टी भर पानी भी नहीं पहुंच पाता। इसी के साथ वार्ड के कई मकानों के ऊपर से 33 हजार केवी की हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। इससे हर वक्त हादसे का डर बना रहता है, लेकिन आज तक इसे हटाने या सुरक्षित करने की कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार निगम और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिले। जमीनी हालात जस के तस बने हुए हैं। वार्डवासियों ने केमिकल युक्त पानी की समस्या को तुरंत दूर करने, बंद पड़े वाटर एटीएम को चालू करने और हाईटेंशन लाइन को स्थानांतरित करने की मांग प्रशासन से की है।

## हाईटेंशन की चपेट में आने से जा चुकी है मासूम की जान








### घर के ऊपर से हाईटेंशन लाइन



वार्ड 46 निवासी डी कृष्णा राव का कहना है है कि हाईटेंशन बिजली लाइन लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। कई घरों के ऊपर से सीधे 33 हजार केवी की लाइन गुजर रही है। इस तार की चपेट में आकर अब तक कई लोग घायल हो चुके हैं। एक बच्चे की मौत भी हो चुकी है। इसके बाद भी प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। बारिश के दिनों में खतरा और बढ़ जाता है। घरों की छत से महज कुछ फीट की दूरी पर हाईटेंशन तार गुजरने से लोग हर पल डर के साए में जी रहे हैं। वार्डवासियों की मांग है कि हाईटेंशन तारों को जल्द से जल्द हटाया जाए।

### छह माह से बंद पड़ा वाटर एटीएम



वार्डवासी श्रवण कुमार का कहना है कि यहां बना वाटर एटीएम पिछले छह महीनों से बंद पड़ा है। सार्वजनिक नलों से केमिकल युक्त पानी आता है। वाटर एटीएम से लोगों को साफ पानी मिल जाता था, लेकिन अब वो फिर से गंदा पानी पीने को मजबूर हैं या फिर बाहर से पानी खरीद रहे हैं।

### पाइप लाइन से सप्लाई नहीं बोर पर निर्भर लोग



वार्ड निवासी अनुसुईया बिसाई ने बताया कि केमिकल युक्त पानी आने के बाद एक पाइप लाइन से सप्लाई पूरी तरह बंद कर दी गई। इसके बाद अब बोर के जरिए दिन में एक बार ही घरों में पानी दिया जा रहा है, जो पूरी आबादी के लिए काफी नहीं है। उन्होंने बताया कि इलाके में पानी की लाइन तो बिछी हुई है, लेकिन उसमें प्रेशर इतना कम है कि कई घरों तक पानी पहुंच ही नहीं पाता।

### पाइप लाइन के लिए स्वीकृति मिल चुकी है

नगर उत्थान मद से सड़क सीमेंटीकरण और डामरीकरण के लिए 1.14 करोड़ की स्वीकृति मिली है। पाइप लाइन बिछाने के लिए भी स्वीकृति मिल चुकी है। शीघ्र कार्य प्रारंभ किया जाएगा। मूलभूत की राशि समय पर नहीं मिलने से वार्ड के विकास कार्य में बाधा उत्पन्न हो रहा है। हाईटेंशन तार के स्थानांतरण को लेकर कई बार आवेदन दिया गया है, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

**-के.जगदीश कुमार**, पार्षद वार्ड-46 खुर्सीपार, भिलाई

# टीबी मुक्त भारत, केंद्रीय टीम ने किया जिले का दौरा



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्रीय टीम द्वारा दुर्ग जिले का दौरा किया गया। इस दौरान डीडीजी (टीबी) डॉ. शोबिनी राजन, तथा टीबी ऑफिसर डॉ. भवानी सिंह कुशवाहा सेंट्रल टीबी डिवीजन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों का भ्रमण किया गया।

- टीबी फ्री ग्राम पंचायत से संबंधित जानकारी ली

केंद्रीय टीम ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर अमलेश्वर ब्लॉक पाटन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीट, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन तथा एआरटी सेंटर दुर्ग का निरीक्षण किया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर अमलेश्वर में भ्रमण के दौरान सीएचओ एवं मितानिनों के पास उपलब्ध अति जोखिम जनसंख्या की सूची, टीबी ट्रीटमेंट कार्ड तथा एक्स-रे जांच के लिए रिफर रजिस्टर का अवलोकन किया गया। साथ ही उपस्थित मितानिनों से टीबी कार्यक्रम की जानकारी ली। वहां मौजूद दो टीबी मरीजों का साक्षात्कार कर उन्हें टीबी के प्रति जागरूक किया। पश्चात टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीट का निरीक्षण किया गया, जहां एनएएटी सेंटर का अवलोकन करते हुए टीबी नोटिफिकेशन रजिस्टर, लैब रजिस्टर, एनएएटी टेस्ट रजिस्टर, कल्चर डीएसटी रजिस्टर एवं ट्रीटमेंट कार्ड की जांच की गई। साथ ही एक पल्मोनरी टीबी मरीज का होम विजिट कर उनके द्वारा ली जा रही दवाइयों की जानकारी ली तथा उचित परामर्श प्रदान किया गया।

टीम ने ग्राम पंचायत चीचा का भी भ्रमण किया, जहां सरपंच से मुलाकात कर टीबी फ्री ग्राम पंचायत से संबंधित जानकारी प्राप्त की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन में मितानिनों से टीबी कार्यक्रम पर चर्चा की तथा पांच टीबी मरीजों को पोषण आहार प्रदान किया गया। यहां वॉलंटियर से मुलाकात कर टीबी कार्यक्रम की आगामी गतिविधियों पर चर्चा की गई। अंत में टीम द्वारा एआरटी सेंटर दुर्ग का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग जिला क्षय अधिकारी दुर्ग, निशांत मेश्राम माइक्रोबायोलॉजिस्ट, ईक्यूए, डॉ. मनीष मसीह डब्ल्यूएचओ कंसलटेंट, डॉ. सचिन चंद्राकर माइक्रोबायोलॉजिस्ट, आईआरएल, डॉ. रोचक सक्सेना डब्ल्यूएचओ कंसलटेंट सहित एनटीईपी के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संविदा लाइन कर्मचारियों की हड़ताल प्रतिबंधित, होगी कार्रवाई

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ द्वारा 12 से 14 जनवरी तक तीन दिवसीय सांकेतिक काम बंद हड़ताल को प्रतिबंधित किया गया है। पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मुख्य अभियंता मानव संसाधन राजेंद्र प्रसाद ने हड़ताल को लेकर पत्र जारी कर सांकेतिक हड़ताल को प्रतिबंधित किया है। पत्र में कहा गया है कि संविदा कर्मचारी अपनी सेवा शर्तों के अनुसार छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 से शासित एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1968 के अंतर्गत नियंत्रित हैं। उक्त नियमों के विभिन्न प्रावधानों के अंतर्गत प्रदर्शन तथा हड़ताल और स्वीकृत होने के पूर्व अवकाश पर प्रस्थान करना कर्मचारियों के लिए प्रतिबंधित है। ऐसे कृत कदाचरण की श्रेणी में आते हैं। ऐसे में हड़ताली कर्मचारी अनुशासनात्मक कार्रवाई के पात्र होंगे। उन्होंने कहा कि पॉवर कंपनी द्वारा जारी पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि विद्युत सेवा अत्यावश्यक सेवा में शामिल है और कार्य की निरंतरता को बनाए रखने तथा अपने कार्य क्षेत्र के अधीन शांति व सुरक्षा बनाए रखने हेतु प्रस्तावित सांकेतिक हड़ताल की तिथियां में कार्य पर अनुपस्थित होने वाले कर्मियों पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# सफलता का मूलमंत्र हमारे अंतर्मन में : शैलनट

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



सफलता का मूलमंत्र हमारे अंतर्मन में निहित है। हम सभी को मन से किसी भी कार्य को करने का प्रयास करना चाहिए तो सफलता अवश्य प्राप्त होती है। यह उद्गार ताइवान नॉर्मल युनिवर्सिटी के भूगर्भशास्त्र के प्राध्यापक प्रोफेसर ग्रेग शैलनट ने व्यक्त किये। प्रोफेसर शैलनट शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में भू-विज्ञान विभाग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के साथ ऑनलाईन चर्चा कर रहे थे। साईंस कालेजके भूगर्भशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एसडी देशमुख ने बताया कि प्रोफेसर शैलनट के साथ रूबरू होकर भूगर्भशास्त्र के विद्यार्थी रोमांचित हुए। वे पहिली बार किसी अंतर्राष्ट्रीय प्रोफेसर एवं वैज्ञानिक से सीधी बातचीत कर रहे थे। इस ऑनलाईन विचार-विमर्श के दौरान साईंस कालेज, दुर्ग के प्रोफेसर डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के भू-विज्ञान अध्ययन शाला के विभागाध्यक्ष डॉ. केआर हरि तथा सहायक प्राध्यापक डॉ. विकास स्वर्णकार भी उपस्थित थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस ऑनलाईन विचार-विमर्श में भूगर्भशास्त्र के विद्यार्थी बड़ी संख्या में ऑनलाईन एवं ऑफलाईन रूप से उपस्थित थे। डॉ. एसडी देशमुख एवं डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रोफेसर शैलनट भूवैज्ञानिक फील्ड वर्क के लिए छत्तीसगढ़ के सोनाखान तथा कोरबा एवं कटघोरा आदि क्षेत्रों में आए हुए है तथा पिछले एक सप्ताह से विभिन्न चट्टानों, खनिजों का भूवैज्ञानिक अध्ययन कर रहे है।

- प्रो. शैलनट का साइंस कालेज में विमर्श

## शहर के तालाबों पर निगम प्रशासन का विशेष फोकस

# पॉन्ड क्लीनर मशीन से चलाया जा रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग




शहर के तालाबों को स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाए रखने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

- मशीन से हटाया जा रहा जलकुंभी व कचरा

निगम प्रशासन तालाबों की साफ-सफाई को लेकर पूरी तरह गंभीर नजर आ रहा है और इसके लिए आधुनिक पॉन्ड क्लीनर मशीन का उपयोग कर व्यापक स्तर पर सफाई कराई जा रही है। इसी क्रम में नगर निगम सीमा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 39 में स्थित डिपरापारा तालाब, हरनाबांधा और पोटिया तालाब सहित शहर के अन्य तालाबों में मशीन के माध्यम से जलकुंभी, गाद एवं कचरा हटाने का कार्य किया जा रहा है। शहर के बीचों-बीच स्थित एवं घनी आबादी वाले क्षेत्रों के तालाबों के साथ-साथ बाहरी क्षेत्रों के तालाबों में भी सफाई अभियान तेज कर दिया गया है। निगम प्रशासन द्वारा तालाबों के आसपास फैले अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई भी लगातार की जा रही है, जिससे तालाबों का प्राकृतिक स्वरूप सुरक्षित रह सके। तालाबों की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने एवं नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निगम आयुक्त स्वयं नियमित निरीक्षण कर रहे हैं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं। अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए नगर निगम की टीम शहर क्षेत्र के तालाबों में विशेष सफाई कर रही है। पॉन्ड क्लीनर मशीन के माध्यम से तालाबों में फैली जलकुंभी को निकाला जा रहा है, जिससे जल की गुणवत्ता में सुधार हो सके और मच्छरों के प्रजनन पर भी रोक लगाई जा सके।

### डिपरापारा तालाब की हुई सफाई

वार्ड क्रमांक 39 में स्थित डिपरापारा तालाब नगर निगम के शासकीय तालाबों की सूची में शामिल नहीं है, बल्कि यह एक निजी स्वामित्व का तालाब है। तालाब में अत्यधिक गंदगी पाए जाने की शिकायत मिलने पर नगर निगम दुर्ग की टीम ने तत्काल कार्रवाई की। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए निगम की पॉन्ड क्लीनर मशीन को तुरंत वहां शिफ्ट कर सफाई कार्य प्रारंभ कर दिया गया। इसके साथ ही तालाब के निजी स्वामित्व रखने वाले व्यक्ति को तालाब की नियमित साफ-सफाई एवं रखरखाव सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश भी दिए गए हैं और उन्हें इस संबंध में विधिवत अवगत करा दिया गया है। पॉन्ड क्लीनर मशीन के माध्यम से लगातार तालाबों की सफाई कर शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाए रखने का कार्य निरंतर जारी है।

# महिला कार्यकारिणी में शोभा और रजनी निर्विरोध निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

ज्येष्ठ नागरिक संघ पद्मनाभपुर के त्रिवार्षिक चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई। नाम वापसी के पश्चात उम्मीदवारों की अंतिम सूची प्रकाशन के बाद 13 पदों के लिए 24 प्रत्याशी चुनावी मैदान मैदान में हैं। विजेता प्रत्याशी का फैसला 27 जनवरी को मतदान के दिन होगा। महिला कार्यकारिणी के लिए आरक्षित 2 पदों पर शोभा अरोरा और रजनी श्रीवास्तव निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। ज्ञात हो कि जेष्ठ नागरिक संघ की वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल 31 जनवरी तक है।मुख्य चुनाव अधिकारी गोपाल सिंह पवार ने बताया कि आशीर्वाद भवन पद्मनाभपुर में स्थित ज्येष्ठ नागरिक संघ के वर्ष 2026 से 2029 त्रिवार्षिक चुनावों की 27 जनवरी को किए जाने की घोषणा के पश्चात मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, विभिन्न पदों के लिए आये नामों की वापसी पश्चात प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव कोषाध्यक्ष और कार्यकारिणी के कुल 13 पदों के लिए 24 प्रत्याशियों के लिए आये सभी आवेदन सही पाए गए। महिलाओं के लिए आरक्षित कार्यकारिणी सदस्य के आरक्षित 2 पदों के लिए सिर्फ 2 आवेदन प्राप्त हुए, अतः दोनों महिला प्रत्याशी शोभा अरोरा और रजनी श्रीवास्तव निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। 27 जनवरी को होने वाले जेष्ठ नागरिक संघ के इस चुनाव में 361 मतदाता अपने मतों का प्रयोग कर करेंगे।

- 361 मतदाताओं के मतों से होगा हार-जीत का फैसला



## सिटी स्पोर्ट्स

### क्रिकेट में एमजीएम की जीत, तरूण रहे प्लेयर ऑफ द मैच



**भिलाई।** भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) द्वारा आ यो जि त अंतरशालेय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत रविवार को शानदार मुकाबले हुए। सेक्टर-9 के मैदान में टीम एमजीएम सेक्टर-6 ने हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल दुर्ग के विरुद्ध 66 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में एमजीएम टीम 317 रन पर आउट हुई। आदित्य सिंह एवं सिद्धार्थ ने 56-56 रन बनाए। सुफियान ने 53 रन और आयुष प्रसाद ने 52 रन बनाए। गेंदबाजी में हेरिटेज स्कूल के प्रीसीत शर्मा एवं आयुष ने तीन-तीन विकेट लिए। विशाल ने दो विकेट एवं तरुण ने एक विकेट लिया। बल्लेबाजी में हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल टीम 251 रन पर आउट हो गई। तरुण ने 135 रन और अनंत गुप्ता ने 60 रन बनाए। गेंदबाजी में एमजीएम लक्ष्य ने चार विकेट एलन ने तीन विकेट और अनुराग ने दो विकेट लिए। प्लेयर ऑफ द मैच तरुण को भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भास्कर गोस्वामी ने पुरस्कृत किया। मैच के अंपायर मोहम्मद दाऊद अंसारी एवं सुनील कुमार डड़सेना और स्कोरर विनोद देवघरे थे।

### रोलिंग मिल और संयुक्त टीम के बीच होगा क्रिकेट का फाइनल

**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट इंस्ट्रूमेंटेशन



विभाग की अंतर अनुभागीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत रविवार को विभिन्न टीम के बीच मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में ब्लास्ट फर्नेस की टीम ने पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन को चार विकेट से पराजित किया। प्रथम सेमी फाइनल में रोलिंग मिल ने ब्लास्ट फर्नेस को 9 विकेट से पराजित किया। दूसरे सेमीफाइनल में एसएमएस-3 एवं वे ब्रिज की संयुक्त टीम ने कोक ओवन की टीम को 8 विकेट से पराजित किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच रोलिंग मिल एवं एसएमएस-3 एवं वे ब्रिज की संयुक्त टीम के मध्य खेला जाएगा। इस अवसर पर इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग के मुखिया मधु पिल्ले, रवि शंकर सीजीएम टी एन डी, भूतपूर्व जीएम इंचार्ज एसके केसकर, जी के कुंडू, ए एम डैनी, राणा प्रताप सिंह, अश्विनी द्विवेदी, जमील अहमद, पीयूष मिश्रा, एस रेड्डी और वी एन राव उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता के अंपायर हिमाचल साहू एवं नुगेश्वर डेहरिया, स्कोरर विनोद देवघरे एवं कमेंटेटर आशुतोष शुक्ला एवं अनिल मिश्रा थे।

### केशव राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन में निभाएंगे राष्ट्रीय निर्णायक की भूमिका

**भिलाई।** 70 वी जूनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन



प्रतियोगिता 24 से 26 जनवरी तक तिरुनेलवेली, तमिलनाडु में आयोजित की जाएगी। इस स्पर्धा में बस्तर जिले के खेल प्रशिक्षक एवं राष्ट्रीय स्तर के निर्णायक केशव केशकर का चयन निर्णायक के रूप में किया गया है। राज्य बॉल बैडमिंटन संघ के सभी पदाधिकारियों ने केशव को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

### अखिल भारतीय यूनिवर्सिटी जूडो प्रतियोगिता में 5 खिलाड़ियों का चयन



**रायपुर।** एलपीयू फगवारा यूनिवर्सिटी पंजाब में 15 से 18 जनवरी तक होने वाले अखिल भारतीय यूनिवर्सिटी जूडो प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। बस्तर यूनिवर्सिटी के कोच मरूतिनन्दन मरकाम के मार्गदर्शन पुरुष वर्ग में 60 किलो ग्राम में मोहम्मद मुसेफ गाजी, 73 किलो ग्राम यशवंत पाण्डे, 81 किलो ग्राम विनायक यादव और महिला वर्ग 52 किलो ग्राम में श्रष्टि नेगी, 70 किलो ग्राम मिश्रित उर्वाषा इनमें शामिल हैं। सभी खिलाड़ी और कोच 12 जनवरी को पंजाब के लिये रवाना होंगे। सभी खिलाड़ियों को संघ के अध्यक्ष किरण सिंह देव, सचिव अब्दुल मोईन व यूनिवर्सिटी के प्राध्यापकों ने बधाई दी है।

### रविवि की बॉल बैडमिंटन टीम अखिल भारतीय चैम्पियनशिप के लिए रवाना



**रायपुर।** अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय बॉल बैडमिंटन (पुरुष) चैम्पियनशिप का आयोजन 14 से 17 जनवरी तक भारतीदासन विश्वविद्यालय, तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु) में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में पंडित रवि शंकर विश्वविद्यालय की पुरुष बॉल बैडमिंटन टीम सहभागिता करेगी।


---

#### बदलती जीवन शैली के चलते वजन पर नियंत्रण रखना जरूर

# सही खान-पान के बाद भी कम नहीं हो रहा है वजन तो दिनचर्या में आज ही से करें बदलाव

सही खान-पान के बावजूद भी अगर आपका वजन कम नहीं हो रहा है, तो आपको अपने रूटीन में कुछ बदलाव करने चाहिए। डाइट के अलावा और भी कई चीजें वजन पर असर डालती है। वजन कम करने के लिए सही डाइट लेनी चाहिए। डाइट में प्रोटीन, कार्ब्स, हेल्दी फैट्स और फाइबर समेत सभी चीजों को शामिल करना चाहिए। वहीं, अनहेल्दी चीजों से दूर रहना चाहिए। सही डाइट के अलावा भी कई ऐसी चीजें हैं, जो आपके वजन पर असर डाल सकती हैं और जिनके बारे में आपको जानकारी नहीं है। जी हां, जब भी वजन कम करने की बात आती है, तो सिर्फ डाइट पर ही ध्यान दिया जाता है, लेकिन वेट लॉस के लिए और भी कई चीजें जरूरी है।

सही खान-पान के बाद भी अगर आपका वजन कम नहीं हो रहा है, तो आपको अपने रूटीन में कुछ बदलाव करने चाहिए। यहां हम आपको कुछ ऐसे ही बदलावों के बारे में बता रहे हैं, जो वेट लॉस के लिए जरूरी हैं। इस बारे में डाइटिशियन सिमरन कौर जानकारी दे रही हैं। सिमरन सर्टिफाइड डाइटिशियन, योगा और हार्मोन हेल्थ कोच हैं।



### स्ट्रेस हार्मोन पर दें ध्यान



आपके वेट गेन और खासकर बेली फैट की वजह स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल का लेवल भी हो सकता है। शरीर में कोर्टिसोल का लेवल बढ़ने का असर सिर्फ मानसिक ही नहीं, बल्कि शारीरिक सेहत पर भी होता है। अगर आप तनाव में हैं, तो सही डाइट के बाद भी वजन कम करने में मुश्किल आ सकती है। इसलिए, वजन कम करने के लिए स्ट्रेस को मैनेज करने पर ध्यान दें।

### स्लीप साइकिल करें सही

स्लीप साइकिल का सही होना भी वेट लॉस के लिए जरूरी है। नींद पूरी न होने पर आपके एनर्जी लेवल और डाइजेशन पर असर हो सकता है। हेल्दी रहने और वजन कम करने के लिए 7-8 घंटे की नींद बहुत जरूरी है। अगर आप देर रात तक जागते हैं, सही समय पर नहीं सोते हैं या फिर सोने-जागने के टाइमिंग सही नहीं हैं, तो इस आदत को बदलें।

### खाने की टाइमिंग पर दें ध्यान

वेट लॉस के लिए डाइट का सही होना जरूरी है



लेकिन साथ ही मील टाइमिंग भी सही होना चाहिए। अगर आप ब्रेकफास्ट स्किप कर रहे हैं, डिनर हैवी ले रहे हैं, तो इससे वेट लॉस नहीं होगा। वेट लॉस के लिए हेल्दी चीजों को सही समय पर खाएं। ब्रेकफास्ट स्किप न करें। डिनर 7-8 बजे तक कर लें और कोशिश करें कि डिनर और अगले दिन ब्रेकफास्ट के बीच में कुछ न खाएं।

## सर्दियों में शरीर को गर्म रखने करें योगासन, नियमित अभ्यास से ठंडक से मिलेगी राहत

सर्दियों में खुद को गर्म रखने के लिए लोग रजाई में बैठे रहते हैं, बहुत सारे ऊनी कपड़े, अंगीठी या हीटर का उपयोग करते हैं। हालांकि बहुत अधिक ठंड बढ़ने के कारण यह सारे उपाय शरीर को अंदर से गर्माहट नहीं दे पाते सर्दी के कारण शरीर ठंडा रहता है और ठिठुरन महसूस करता है। अगर शरीर को गर्माहट न मिले तो सर्दी-जुकाम या बुखार होने की आशंका भी बनी रहती है। ऐसे में शरीर को गर्माहट पहुंचाने के लिए योगासन फायदेमंद है। कुछ योगासन शरीर को अंदरूनी तौर पर गर्म रखने में मदद करते हैं, साथ ही मौसमी बीमारियों से बचाव करते हैं। यहां सर्दी में शरीर गर्म रखने के योगासन दिए जा रहे हैं।



### उष्ट्रासन

मैट पर पीठ के बल लेटकर हाथों को बगल में रखें। अब धीरे-धीरे अपने पैरों को घुटनों से मोड़कर हिप्स के पास ले आएं। हिप्स को जितना हो सके फर्श से ऊपर की तरफ उठाएं। कुछ देर के लिए इस स्थिति में सांस को रोककर रखें और फिर सांस छोड़ते हुए वापस पूर्ववत अवस्था में आ जाएं।

### सर्वांगासन

सर्वांगासन करते समय पीठ के बल लेट जाएं। दोनों पैर आपस में जोड़ते हुए बांहों और हथेलियों को जमीन की दिशा में रखें। हथेलियों से जमीन को दबाते हुए दोनों पैरों को छत की दिशा में सीधी उठाएं। हिप्स और कमर को जमीन से ऊपर उठाते हुए कोहनी को मोड़कर कमर पर रखें। अपने हाथों से सहारा देकर शरीर को 90 अंश के कोण में रखें। कुछ सेकंड इसी अवस्था में रह

### सेतुबंधासन

सेतुबंधासन करने के लिए सबसे पहले पीठ के बल लेट जाएं। अब पैरों को कंधे की चौड़ाई से अलग करते हुए घुटनों को मोड़ लें। हथेलियों को खोले और हाथ बिल्कुल सीधा जमीन पर सटा लें। सांस लेते हुए कमर के हिस्से को ऊपर की ओर उठाएं और कंधे व सिर को सपाट जमीन पर टिका कर रखें। बाद में सांस छोड़ते हुए पुरानी स्थिति में आ जाएं।

### नौकासन

इस योग के अभ्यास के लिए सबसे पहले पीठ के बल लेटें और हाथों को शरीर के बगल में रखें। गहरी सांस लें और अपनी छाती और पैरों को ऊपर उठाएं। बाहों को अपने पैरों की ओर फैलाएं। आपकी आंखें, उंगलियां और पैर की उंगलियां एक सीध में होनी चाहिए। पेट की मांसपेशियों पर दबाव बनाने के लिए अपने नाभि क्षेत्र में तनाव महसूस करें। कुछ समय तक इस स्थिति में बने रहें और फिर पूर्ववत आ जाएं।

## पोंगल पर तैयार करें चावल से बना ये खास व्यंजन



जिस तरह से उत्तर भारत में मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाता है, ठीक उसी तरह से दक्षिण भारत में बड़े हर्षोल्लास के साथ पोंगल मनाया जाता है। दक्षिण भारत में ये त्योहार काफी धूमधाम से मनाया जाता है। इसे साल का पहला सबसे बड़ा त्योहार माना जाता है। इस दिन की तैयारी काफी-काफी दिनों पहले से ही शुरू हो जाती है। लोग इस त्योहार पर काफी खूबसूरती से साथ अपना घर सजाते हैं। तमिलनाडु सहित दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों में पोंगल का त्योहार चार दिन तक मनाया जाता है। हर साल की तरह इस साल पोंगल पर्व की शुरुआत 15 जनवरी 2024 से हो रही है और इसका समापन 18 जनवरी को होगा। ऐसी मान्यता है कि पोंगल के दिन से ही तमिल नववर्ष की शुरुआत होती है। इसी के चलते इस दिन लोग पारंपरिक तरीके से कई तरह के पकवान बनाते हैं। अगर आप भी इस बार कुछ पारंपरिक बनाने का सोच रहीं हैं तो इमली के चावल आपके लिए एक बेहतर विकल्प है। आज हम आपको इसे बनाने का आसान तरीका बताने जा रहे हैं। अगर आप इमली वाले चावल बनाने का सोच रहीं हैं तो सबसे पहले चावल को धोकर इसे पकने के लिए रख दें। इसे आपको 3-4 सीटी तक पकाना है। जब चावल पक जाए तो इसे निकाल कर अलग बर्तन में रख दें। इसके बाद एक कटोरी में इमली और गरम पानी डालकर तकरीबन एक घंटे के लिए भिगो दें। जब ये अच्छी तरह से भीग जाए तो इमली को निचोड़ कर इसका गूदा निकाल दें। इसके बाद अब चावल तैयार करने की प्रकिया शुरू करें। इसके लिए आपको सबसे पहले एक पैन में सभी खड़े मसालों को डालकर अच्छी तरह के मिक्स करते हुए भूनें।



## इस सप्ताह इन 5 भाग्यांकों को मिल सकता है धन लाभ

अंक ज्योतिष आपके भाग्यांक के अनुसार आने वाले भविष्य की जानकारी देता है। हम हर सप्ताह ऐसी ही भविष्यवाणियां आप तक पहुंचाते हैं। आइए आज उसी क्रम में न्यूमेरोलॉजिस्ट डॉ. मधु कोटिया से जानें 12 से 18 जनवरी के अंक ज्योतिष भविष्यफल के बारे में विस्तार से।

**भाग्यांक-1 :** इस सप्ताह आप खुशियों और संतोष से भरे क्षणों का अनुभव कर सकते हैं। आपकी प्रगति और आशावाद की भावना से वृद्धि हो सकती है। आपकी सकारात्मक ऊर्जा चेतना में सीधे प्रभाव डाल सकती है, जिससे लोग आपकी ओर आकर्षित हो सकते हैं क्योंकि आप हर परिदृश्य में सकारात्मकता की ऊर्जा को सहजता से प्रस्तुत करते हैं। आपने अपनी आकांक्षाओं में जो समर्पण किया है उसे प्रतिबिंबित करते हुए, आपने प्रगति की है जिससे आप विस्मित रहेंगे। आप अपने प्रयासों में जो मेहनत कर रहे हैं, उसका फल बहुत जल्दी ही मिलने वाला है, जिससे सराहनीय परिणाम प्राप्त होंगे। इसका शुभ अंकः 8 , शुभ रंग : फ्यूशिया और शुभ दिनः रविवार है।

**भाग्यांक 2 :** आत्म-विकास के इस निर्णायक चरण में, अब आपके द्वारा उठाए गए कदम भविष्य की सफलता को स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगे। आप प्रगति को धीरे-धीरे होते हुए देख सकते हैं, लेकिन महत्वपूर्ण चुनौतियों से निपटने की आपकी क्षमता इस सप्ताह स्पष्ट हो जाएगी। अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए अपने आंतरिक लचीलेपन का उपयोग करें




और संभवत अपनी कड़ी मेहनत को मान्यता और सम्मान प्राप्त करते हुए पाएं। इसका शुभ अंकः 2, शुभ रंग : गुलाबी और शुभ दिनः गुरुवार है।

**भाग्यांक 3 :** आने वाले दिनों में आप एक पुनर्जीवित करने वाले साहसिक कार्य पर जाने के लिए तैयार हैं। आप अपने मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य में एक सुखद संतुलन का अनुभव करेंगे, जो सकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा कि दूसरे आपको कैसे देखते हैं। साहस की वृद्धि और एक सकारात्मक दृष्टिकोण आपके जीवन में एक पुराने अध्याय से एक नई शुरुआत की ओर परिवर्तन का प्रतीक होगा। आप तृप्ति और आंतरिक शांति की गहन भावना से घिरे रहेंगे, जो आपके अस्तित्व के हर पहलू को समृद्ध करेगा। इसका शुभ अंकः 15, शुभ रंग : कीनू और शुभ दिन शनिवार है।

**भाग्यांक 4 :** यह सप्ताह आपके जीवन के विभिन्न पहलुओं में महत्वपूर्ण विकल्प चुनने का महत्वपूर्ण समय है। चुनौतियों का सामना करने की आपकी ताकत और क्षमता प्रमुखता से प्रदर्शित होगी। आप ख़ुद को कुछ जटिल सामाजिक गतिशीलता से जूझते हुए पा सकते हैं, जिसके लिए सावधानीपूर्वक और बुद्धिमानी से निपटने की आवश्यकता होगी।ऐसा प्रतीत होता है कि वित्तीय स्थिरता क्षितिज पर है, जो एक ऐसी जीवनशैली का मार्ग प्रशस्त कर रही है जो अधिक आनंद और आराम की अनुमति देती है। आपका सहानुभूतिपूर्ण पक्ष अधिक दिखाई देगा, क्योंकि आप जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए आकर्षित होंगे। इसका शुभ अंकः 10, शुभ रंग : बरगंडी और शुभ दिनः शुक्रवार है।

**भाग्यांक 5 :** इस सप्ताह आप खुद को सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर और नए अवसरों से निपटने के लिए उत्सुक पाएंगे। आप कुशलतापूर्वक एक ऐसी यात्रा का प्रबंध कर रहे हैं जो आपके व्यक्तित्व और कार्य क्षेत्रों को सामंजस्यपूर्ण रूप से मिश्रित करती है, विभिन्न जिम्मेदारियों को निभाने में आपकी प्रतिभा का प्रदर्शन करती है। यह अवधि आपकी आंतरिक शक्ति और आपके उत्थानकारी प्रभाव को उजागर करती है। इसका शुभ अंकः 3, शुभ रंगः एक्वामरीन और शुभ दिनः मंगलवार है।

**भाग्यांक- 6 :** नई नौकरी खोजने में आपके हालिया प्रयास प्रभावशाली रहे हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि आप जिन परिणामों की उम्मीद कर रहे हैं, उन्हें सामने आने में थोड़ा अधिक समय लग रहा है। आपकी मेहनत और लगन स्पष्ट है, फिर भी ऐसा लग रहा है कि तत्काल वित्तीय लाभ नहीं मिलेगा। हालाँकि, निराश मत होइए। जैसे-जैसे समय आगे बढ़ता है, अधिक लाभकारी अवसरों की खोज करने की आपकी संभावनाएं बेहतर होती जाती हैं।

---

कार्नर न्यूज

#### छत्तीसगढ़ राज्य रैपिड एवं ब्लिट्ज फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन 24 से

# भिलाई बनेगा शतरंज का अखाड़ा, प्रदेश भर के खिलाड़ियों के मध्य होगा बौद्धिक मुकाबला

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य रैपिड एवं ब्लिट्ज फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन 24 एवं 25 जनवरी को अग्रसेन भवन, सेक्टर-6 भिलाई में किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा अग्रसेन जनकल्याण समिति के सहयोग से किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सचिव हेमंत खुटे ने बताया कि इस राज्य चयन प्रतियोगिता में आकर्षक नकद पुरस्कार, ट्रॉफी एवं शतरंज साहित्य प्रदान किए जाएंगे। रैपिड शतरंज स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 15,000 नकद एवं ट्रॉफी, द्वितीय को 11,000 नकद एवं ट्रॉफी ,तृतीय स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को 7,000 नकद एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसी तरह से चतुर्थ स्थान को 5000 नकद एवं ट्रॉफी, पंचम स्थान को 3000 नकद व शतरंज साहित्य , षष्ठ स्थान को 2000 नकद व शतरंज साहित्य , सप्तम से दशम स्थान तक के खिलाड़ियों को 1500 - 1500 नकद राशि के साथ शतरंज साहित्य देकर सम्मानित किया



जाएगा। ब्लिट्ज शतरंज स्पर्धा में प्रथम स्थान पर 9,000 नकद एवं ट्रॉफी, द्वितीय स्थान पर 7,000 नकद एवं ट्रॉफी तथा तृतीय स्थान पर 5,000 नकद एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। वहीं चतुर्थ स्थान को 3000 नकद व शतरंज साहित्य , पंचम स्थान को 2000 नकद व शतरंज साहित्य षष्ठ स्थान से दशम स्थान तक प्रति खिलाड़ियों को 1000 - 1000 नकद पुरस्कार के साथ शतरंज साहित्य प्रदान किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, प्रतियोगिता के दौरान अंडर-07, अंडर-09, अंडर-11, अंडर-13 एवं अंडर-15 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों के लिए विशेष पुरस्कार भी निर्धारित किए गए हैं, जिनमें विजेता एवं उपविजेता को शतरंज साहित्य देकर प्रोत्साहित किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि यह प्रतियोगिता फीडे रेटेड होने के कारण जहां रेटेड खिलाड़ियों के अंतरराष्ट्रीय रेटिंग में वृद्धि का अवसर प्रदान करेगी वहीं अनरेटेड खिलाड़ियों के लिए नवीनतम रेटिंग । इस प्रतियोगिता के आधार पर राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को राष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा में खेलने का मौका मिलेगा। स्पर्धा में भाग लेने हेतु प्रवेश शुल्क में रैपिड स्पर्धा हेतुः 1,000/- (एक हजार रुपये मात्र),ब्लिट्ज स्पर्धा हेतुः 600/- (छह सौ रुपये मात्र),सरगुजा एवं बस्तर संभाग के लिए : रैपिड स्पर्धा हेतुः 500/- (पाँच सौ रुपये मात्र) ब्लिट्ज स्पर्धा हेतुः 300/- (तीन सौ रुपये मात्र)। प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 17 जनवरी शाम 5 बजे तक निर्धारित है। इसके बाद इच्छुक खिलाड़ी 250 रुपए विलंब शुल्क के साथ 20 जनवरी शाम 5 बजे तक भाग ले सकते है। प्रत्येक चैंपियनशिप से मेरिट (योग्यता) के आधार पर शीर्ष 2 खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करने हेतु किया जाएगा। राष्ट्रीय स्पर्धा में केवल वही खिलाड़ी खेलने की पात्रता रखेंगे जो इस राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में भाग लेकर चयनित हुए हो अथवा कोई खिलाड़ी स्पेशल एंट्री के रूप में भाग लेकर खेलना चाहे तो उन्हें इस राज्य चयन स्पर्धा में भाग लेना अनिवार्य है बिना सहभागिता के उन्हें राज्य संघ द्वारा खेलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।इस चैंपियनशिप में उम्र की कोई बंधन नहीं है । छत्तीसगढ़ राज्य के कोई भी खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं। स्पर्धा में प्रवेश लेने के लिए एंट्री फीस के साथ - साथ. वर्ष 2025–26 के लिए ऑल इंडिया चेस फेडरेशन एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ से पंजीकृत होना अनिवार्य है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## बाफ्टा की दौड़ में सबसे आगे लियोनार्डो की 'वन बैटल आफ्टर...'



इन दिनों ब्रिटिश अकादमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (बाफ्टा) अवॉर्ड के नॉमिनेशन चर्चा में हैं। हाल ही में उन फिल्मों के नाम साझा किए गए हैं, जिनका नॉमिनेशन अवॉर्ड के लिए हुआ है। फाइनल वोटिंग राउंड के बाद जल्द ही ऑफिशियल नॉमिनेशन भी सामने आएंगे। लेकिन पहले राउंड में लियोनार्डो डिकैप्रियो की फिल्म ने बाजी मारी है। हाल ही में बाफ्टा अवॉर्ड के लिए पहली नॉमिनेशन लिस्ट जारी की है। एक फाइनल लिस्ट आना अभी बाकी है। लेकिन पहली लिस्ट में लियोनार्डो डिकैप्रियो की फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' का जलवा देखने को मिला। इस फिल्म ने बाफ्टा में लगभग 16 नॉमिनेशन अपने नाम किए हैं। ऐसे में लियोनार्डो डिकैप्रियो के फैंस को उम्मीद जगी है कि फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' बाफ्टा अवॉर्ड में विजेता बनने की तरफ बढ़ रही है। 'वन बैटल आफ्टर अनदर' फिल्म ने पहले राउंड के बाद 16 नॉमिनेशन हासिल किया है। यह बाफ्टा अवॉर्ड की लॉन्ग लिस्ट में सबसे आगे चल रही है। लियोनार्डो डिकैप्रियो की फिल्म यूएस में बढ़ते अतिवाद और धुव्रीकरण पर आधारित है। यह एक पॉलिटिकल सटायर फिल्म है। इसमें लियोनार्डो डिकैप्रियो का किरदार भी बहुत दमदार नजर आता है। 'वन बैटल आफ्टर अनदर' को बेस्ट फिल्म, बेस्ट डायरेक्टर और बेस्ट अडैप्टेड स्क्रीनप्ले के लिए नॉमिनेशन मिला है। वहीं फिल्म के लीड स्टार्स डिकैप्रियो, चेज इंफिनिटी, टेयाना टेलर, बेनिसियो डेल टोरो और सीन पेन के साथ बेस्ट परफॉर्मेंस लिस्ट में भी दबदबा बनाया है। बाफ्टा की पहला नॉमिनेशन लिस्ट में क्लो झाओ की 'हैमनेट' और रयान कूगलर की 'सिनर्स' भी शामिल हैं। जिन्हें 14

### टॉलीवुड

## अल्लू ने दी 'पुष्पा' निर्देशक सुकुमार को जन्मदिन की खास बधाई



सुकुमार साउथ फिल्म 'रंगस्थलम' और 'पुष्पा' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के निर्देशन के लिए प्रसिद्ध हैं। सुकुमार आज अपना 55 वां जन्मदिन मना रहे हैं। इसी मौके पर 'पुष्पा' एक्टर अल्लू अर्जुन ने अपने निर्देशक को जन्मदिन की बधाई देते हुए एक खास तस्वीर सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इसके साथ ही अल्लू ने सुकुमार के जन्मदिन पर एक प्यारा नोट भी लिखा है।

अल्लू ने आज इंस्टाग्राम पर फिल्म 'पुष्पा' के सेट से एक खास तस्वीर शेयर की है। यह तस्वीर फिल्म 'पुष्पा' के सेट की है, जिसमें अल्लू और सुकुमार 'पुष्पा' के सेट पर कई और लोगों के साथ नजर आ रहे हैं। सभी के चेहरों पर बड़ी खिलखिलाती

### छॉलीवुड

## 'जान लेबे का' की डबिंग जारी, जल्द रिलीज होगी समूचे छत्तीसगढ़ में



निर्माता लक्ष्मी प्रकाश जायसवाल (अंबिकापुर) और निर्देशक आलेख चौधरी की बड़े बजट की छत्तीसगढ़ फ़िल्म "जान लेबे का" की डबिंग इन दिनों स्वप्निल डिजिटल स्टूडियो में युद्ध स्तर पर जारी है। फ़िल्म में मन कुरैशी, लक्षित झांझी, संजय बत्रा और मनमोहन सिंह ठाकुर प्रमुख भूमिकाओं में नज़र आएंगे, जबकि फ़िल्म की हीरोइन दीक्षा जायसवाल एवं काजल सोनबेर हैं। फ़िल्म जल्द ही दर्शकों के बीच रिलीज़ होने जा रही है, जिसे लेकर टीम में खासा उत्साह है।

### भोजपुरी

## 'फ्री का दूल्हा' का ट्रेलर रिलीज, बेटे ने मां के खिलाफ जाकर बिना दहेज रचाया ब्याह



एक्टर ऋषभ कश्यप की फिल्म 'फ्री का दूल्हा' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। उनके साथ रक्षा गुप्ता और अनिता रावत जैसी हीरोइनें हैं और ये ट्रेलर बड़ा ही दमदार है। फिल्म 'फ्री का दूल्हा' के ट्रेलर की बात करें तो ये 3 मिनट और 32 सेकेंड का है। इसमें दिखाया गया है कि दूल्हों की सेल लगी हुई है और वे ठेले पर बिक रहे हैं।

भोजपुरी फिल्मों के दर्शक केवल यूपी-बिहार में ही नहीं बल्कि पूरे देश में हैं। जब फिल्में आती हैं और उन्हें लोग देखने जाते हैं तो खुद ही गुणगान करने लग जाते हैं। पवन सिंह और खेसारी लाल यादव जैसे स्टार्स की फिल्में तो बहुत देखी जाती हैं लेकिन कुछ ऐसी भी भोजपुरी मूवीज हैं जो दमदार स्टारकास्ट न होने के बावजूद चल जाती हैं। ऐसी ही एक फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। भोजपुरी फिल्म 'फ्री का दूल्हा' का ट्रेलर रिलीज हो गया है और इसमें स्टार्स के एक्टिंग की खूब तारीफ हो रही है। फिल्म में भोजपुरी एक्टर ऋषभ कश्यप हैं जो गोलू बने हैं। एक्ट्रेस रक्षा गुप्ता और अनिता रावत अपने रोल्स में चंज रही हैं। फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक भी काफी बढ़िया है।

लाइफ स्टाइल



मिडरिफ पल

मशहूर यूरोपियन मॉडल टॉम फोर्ड, राल्फ लॉरेन, प्राडा, मैकक्वीन और मैक्स मारा को लंदन फैशन वीक में अपने शरीर के मध्य भाग (मिडरिफ) की नुमाइश करने में कोई गुरेज नहीं रहा। इनके लिए डिजाइनर ने भी ब्रा-टॉप लेयर्स वाले सूट बनाए, जो इन्हें बिल्कुल एक नया लुक दे रहे थे। दर्शकों को यह कलेक्शन पसंद आया। v

## पैरों की ड्राईनेस को कम करेगा कच्चा दूध




पैरों की देखभाल करने के लिए आप बाहरी क्रीम की जगह घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आप हफ्ते में 2 बार तक पेडीक्योर कर सकती हैं। ड्राईनेस बढ़ने के कारण पैरों की त्वचा में मॉइस्चर खत्म होने लगता है और ऐसा सर्दी के मौसम में ज्यादातर देखा जाता है। इसके लिए आप घरेलू चीजों जैसे कच्चे दूध का इस्तेमाल कर सकती हैं और अपने पैरों की ड्राईनेस को कम कर सही तरीके से पोषण दे सकती हैं। कच्चा दूध त्वचा को मुलायम बनाने में मदद करता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन-ए होता है। कच्चा दूध त्वचा को नमी देने का काम भी करता है। इसके अलावा त्वचा को मॉइस्चराइज रखने में मदद करता है। नैचुरली एक्सफोलिएट करने के लिए शहद बेहद फायदेमंद होता है। त्वचा को मुलायम रखने में शहद बेहद मददगार साबित होता है। इसके अलावा यह स्किन को मॉइस्चराइज करने के लिए मदद करता है। पैरों की देखभाल करने के लिए सबसे पहले एक बाउल में 4 चम्मच शहद की डालें। इसमें 3 चम्मच कच्चे दूध की मिलाएं। इन दोनों को अच्छी तरह से मिलाकर पैरों की त्वचा पर लगा लें। पैरों की त्वचा पर कम से कम 30 मिनट तक इसे लगा रहने दें। आप चाहे तो हल्के हाथों के दबाव से पैरों पर मसाज कर सकती हैं। पानी और कॉटन की मदद से पैरों पर लगे शहद और दूध को साफ कर लें। इसका इस्तेमाल आप हफ्ते में 4 बार कर सकती हैं। पहली ही बार में इस घरेलू नुस्खे का असर आपको नजर आने पड़ेगा। कच्चा दूध पैरों की ड्राइनेस (रूखेपन) को कम करने में बहुत प्रभावी है क्योंकि इसमें मौजूद लैक्टिक एसिड डेड स्किन हटाता है, जबकि इसके फैट और विटामिन त्वचा को गहराई से नमी और पोषण देते हैं, जिससे पैर मुलायम और हाइड्रेटेड रहते हैं। इसे पैरों को धोने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, या दूध और नमक के गर्म पानी में पैरों को भिगोकर, और फिर शहद/दही का मास्क लगाकर भी ड्राइनेस दूर की जा सकती है।

### कच्चे दूध के फायदे

मॉइस्चराइजरः दूध के प्राकृतिक तेल और वसा त्वचा की नमी को रोकते हैं, जिससे ड्राईनेस खत्म होती है। एक्सफोलिएशनः लैक्टिक एसिड मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाता है, जिससे त्वचा मुलायम बनती है। पोषणः विटामिन ए, डी और ई त्वचा की मरम्मत करते हैं और उसे स्वस्थ बनाते हैं। दूध और नमक का फुट बाथः एक टब में गुनगुना पानी लें, उसमें आधा कप कच्चा दूध और 1-2 चम्मच नमक मिलाएं। 10-15 मिनट तक पैरों को डुबो कर रखें। मसाज रुई के फाहे से कच्चे दूध को सीधे पैरों पर लगाएं या दूध में थोड़ा सा शहद मिलाकर मसाज करें। मास्कः शहद और दही के साथ मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बनाएं और उसे फटी एड़ियों पर लगाएं, फिर धो लें।

## नॉर्मल तरीके से साड़ी पहनकर हो गई हैं बोर तो इन स्टाइलिंग टिप्स को करें ट्राई



साड़ी स्टाइल करना अगर आपको पसंद है तो इसके लिए आपको अलग-अलग तरीके भी ट्राई करने चाहिए। इससे आपका साड़ी लुक अच्छा लगेगा साथ ही आपको कुछ नए तरीके से साड़ी स्टाइल करने का मौका मिलेगा। इसके लिए जरूरी है कि आप सही ट्रिक्स को अपनाएं। इससे साड़ी अच्छे से बंधेगी साथ ही आप सुंदर लगेगी।

### लहंगा स्टाइल साड़ी



आप साड़ी को सिंपल तरीके से पहनने की बजाएं अलग तरीके से भी ड्रेप कर सकती हैं। लहंगा स्टाइल आजकल काफी ट्रेंड में है और अच्छा भी लगता है इस तरीके से साड़ी पहनने के लिए पहले आपको साड़ी में प्लीट्स बनानी होगी और उसे कमर पर अटैच करना होगा। इसके बाद मैचिंग दुपट्टे को पिन करना होगा। इससे आपकी साड़ी बिल्कुल लहंगे स्टइल में बंध जाएगी। इसके बाद आपको इसमें बेल्ट लगानी हैं और इसे पिन करके अच्छी सी ज्वेलरी के साथ वियर करनी है। इससे आप और भी सुंदर लगेगी।

### बेल्ट के साथ साड़ी करें स्टाइल



अगर आपको लगता है कि साड़ी में आपकी बेली अच्छी नजर नहीं आ रही है तो ऐसे में आपको जरूरत है बेल्ट (ट्रेडिशनल लुक) की इसे साड़ी के ऊपर स्टाइल करके आप अपने साड़ी लुक को और अच्छा बना सकती हैं। इसके लिए आपको सबसे पहले साड़ी को उसी तरीके से बांधना है जैसे बांधती हैं फिर इसमें बेल्ट को अटैच करना है। इसके बाद कुछ एक्सेसरीज एड करनी है। इस तरीके से आपकी साड़ी काफी अच्छी लगेगी। इस तरीके से साड़ी बांधकर आप पार्टी या फिर किसी फंक्शन को भी अटेंड कर सकती हैं।

### स्कर्ट स्टाइल साड़ी करें ड्रेप

अगर आपको साड़ी को अलग तरीके से ड्रेप करना है तो इसके लिए आप स्कर्ट स्टाइल से भी साड़ी को वियर कर (स्लिम लुक के लिए साड़ी स्टाइल टिप्स) सकती हैं। इससे भी वो काफी अच्छी लगेगी। इसके लिए आपको साड़ी में आगे की तरफ प्लीट्स बनानी है और पिन की मदद से सेट करनी है। फिर साड़ी का मैचिंग दुपट्टा लेना है इसे या तो आप हाथों में ले सकती हैं ।

## चेहरे को चमकाएंगे अनार से बने ये फेस पैक, जानें इसे बनाने का तरीका



घर पर ही अनार का फेसपैक बना कर दमकती त्वचा पा सकते हैं। इसके लिए अनार और पपीते का पेस्ट बनाकर इसे चेहरे पर आधे घंटे के लिए लगाएं। इसके बाद इसे सादे पानी से धो लें। हफ्ते में दो बार इस पैक को लगाने से आपके चेहरे के दाग-धब्बे दूर हो जाएंगे। इससे आपकी स्किन खिली-खिली भी रहेगी। अक्सर लोग मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल क्लींजर की तरह करते हैं। ऐसे में आप अनार के साथ इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए अनार के रस में एक घंटे के मुल्तानी मिट्टी को भिगो कर रख दें। जब ये फूल जाए तो थोड़ा सा रस और मिलाकर इस पैक को चेहरे पर लगाएं। आधे घंटे के बाद चेहरे को धो दें। इस पैक को बनाने के लिए आपको एक चम्मच एलोवेरा जेल में एक चम्मच कॉफी पाउडर और अनार का रस मिलाना है। इसके बाद इसमें थोड़ा सा शहद मिलाकर इसे अच्छे से मिक्स करें। कुछ समय के लिए इस पैक को चेहरे पर लगाएं और फिर चेहरा धो दें। इससे आपका चेहरा खिल उठेगा। वैसे तो एवोकाडो काफी महंगा आता है, लेकिन अगर दमकती त्वचा पाना चाहते हैं, तो इसका इस्तेमाल अवश्य करें इसके लिए आपको बस एवोकाडो को मैश करके इसमें अनार का पेस्ट अच्छे से मिलाना है। इसे अपने चेहरे पर लगाकर आप ग्लोइंग त्वचा पा सकते हैं।

## पंजाबी स्टाइल सूट लुक में जान डालेंगे दुपट्टे के ये खास डिजाइंस



स्टाइलिश लुक पाने के लिए आपको आउटफिट के हिसाब से स्टाइलिंग करनी चाहिए। इसके लिए आप सेलेब्रिटी लुक से इंस्पायर हो सकती हैं। स्टाइलिश दिखने के लिए हम आए दिन अपने लुक में कई तरीके के बदलाव करते रहते हैं। वहीं लोहड़ी का त्योहार आने वाला है और इस त्योहार के मौके पर हम अक्सर पंजाबी स्टाइल के सलवार-सूट को पहनते हैं। पंजाबी स्टाइल सूट के साथ में अक्सर हम हैवी दुपट्टे को स्टाइल करते हैं और इसके लिए डिजाइन भी ट्रेडिशन के हिसाब से ही चुनते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं पंजाबी स्टाइल सूट लुक में जान डालने के लिए सलवार-सूट के लेटेस्ट डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स ताकि आपका लोहड़ी लुक नजर आए सबसे खूबसूरत।

### गोटा-पट्टी वर्क दुपट्टा डिजाइन

आजकल गोटा-पत्ती डिजाइन काफी चलन में नजर आ रहा है। वहीं इसमें आप खुद प्लेन दुपट्टे का फैब्रिक खरीदकर अलग से गोटा-पत्ती लेस का इस्तेमाल कर सकती हैं। इस तरह की गोटा-पट्टी लेस आप चाहे तो सूट पर भी लगवा सकती हैं।

कार्नर न्यूज

नए दौर में 'बन' है मेंस फैशन की खास पहचान

## 'मैन बन' है आपका स्टाइल तो कुछ जरूरी टिप्स आपको बनाएंगे और भी शानदार

'पुरुषों को बाल छोटे रखने चाहिए' अक्सर यही सुनने को मिलता है और लंबे बाल वाले पुरुषों को इसके चलते दिक्कत भी खूब होती है। लेकिन इसके बाद भी बड़े बाल रखने वाले कई पुरुष हैं। ये वो पुरुष हैं जो लंबे बाल तो रखते ही हैं बन भी बनाते हैं। लेकिन बन सारे पुरुषों पर अच्छा ही लगे ये जरूरी तो नहीं। मगर कुछ खास टिप्स के साथ बन पुरुषों पर अच्छा लगता ही है। ये टिप्स मैन बन को आपके लुक में ऐसा शामिल कराएंगे कि आप इन्हें आसानी से स्टाइल करेंगे और लोगों की तारीफ़ भी सुनेंगे।

### 'मैन बन' बनाने के आसान टिप्स

'मैन बन' यानी पुरुषों के लंबे बालों पर सजा बन। अगर ये स्टाइल रखने से आप अभी तक पीछे हट रहे थे तो अब आप इन स्टाइल को खास टिप्स के साथ आजमा सकते हैं-

### कैसे-कैसे 'मैन बन'



बालों का जूड़ा स्टाइल ही 'मैन बन' है लेकिन ये भी कई तरीके के होते हैं जैसे जब बन सिर पर बहुत ऊंचाई पर बनाया गया होता है तो उसे टॉपनॉट कहते हैं। लेकिन जब बन बेहद ढीला बंधा होता है तो उसे फुल बन कहते हैं। जब पुरुष मैन बन बनाने की कोशिश करते हैं तो उन्हें सिर्फ योंहीं बाल पकड़ कर बन बनाने की जरूरत नहीं है बल्कि वे कई तरह के स्टाइल बना सकते हैं।

### हाफ अप

जैसा कि नाम से ही पता चल रहा है। इसमें सिर्फ आधे बालों से ही बन बनाया जाता है। ये उन पुरुषों के लिए सही है जिनके बाल सच में लंबे हैं। मतलब बाल पुरुषों के कंधों से भी नीचे हैं तब ही हाफ अप बन अच्छा लगता है।

### लो बन

ये बन सिर में पीछे की ओर बनाया जाता है। इसमें बन सिर के क्राउन पर नहीं बनता है। नाम के मुताबिक इसे बिलकुल सिर के पीछे नीचे की ओर बनया जाता है।

### फेड के साथ मैन बन

ये एक ऐसा बन है जिसके लिए आपको अक्सर सैलून जाना होगा। इसमें सिर में ऊपर के बाल का बन बनाया जाता है। सिर्फ में नीचे के सारे बाल चोट कर दिए जाते हैं। ये बड़े बालों से बिलकुल अलग हो जाते हैं।

### बन एंड बियर्ड

याद रखिए ये वो स्टाइल है जिसमें हर तरह के बाल चल जाते हैं, जैसे स्ट्रेट या कर्ली। इस लुक में सिर पर बन होता है तो बियर्ड भी ठीक से बढ़ाई गई होती है।

### किस पर सूट करेगा 'मैन बन'

जैसे सभी हेयर स्टाइल चेहरे के आकार के हिसाब से सूट करते हैं, ठीक वैसे ही 'मैन बन' भी हर चेहरे पर सूट नहीं करता है। जैसे टॉप नॉट उन पुरुषों पर अच्छा लगता है जिनका बोन स्ट्रक्चर बहुत डिफाइन नहीं होता है। क्योंकि इसके साथ चेहरा लंबा नजर आ सकता है। इसके साथ चेहरा पतला भी नजर आता है। टॉपनॉट को अगर दाढ़ी के साथ मैच किया जाए तो ये काफी मेस्क्युलिन स्टाइल बन जाता है।

### हेयर टाइप भी है जरूरी

याद रखिए 'मैन बन' की स्टाइल पर बालों के टाइप का भी असर पड़ता है।

